Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

35

1960–61

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

[illegible]

[illegible]

7-३०
7-१३
२९

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

श्री बघाटमहीमहेन्द्र "धर्ममार्तण्ड"

पंवारकुलभूषण श्रीमद्राजर्षि
श्री १०५ दुर्गासिंह जी बहादुर,
C. I. E. सोलन।

॥ ॐ ॥

श्रीगणेशाय नमः

हृदन्तरज्ञानतमोवितान-निवारणं पण्डितमण्डलीडयम्।
त्रिकालदर्शि प्रसरन्मयूखं 'मार्तण्डपञ्चाङ्ग' मिदं चकास्तु॥

श्रीलक्ष्म्यै नमः

सार्वदेशिक सर्वोत्तम सर्वाङ्गशुद्ध पञ्चाङ्ग

मार्त्तण्ड के उदय से जगमग हुआ आकाश।
क्या तारा क्या चन्द्रमा सबका छुपे प्रकाश॥

राजा चन्द्रः

मन्त्री बुधः

बघाटमहीमहेन्द्रधर्ममार्तण्ड श्री १०५ मद्दुर्गासिंहवर्मभिः संरक्षितम्

वृहज्ज्योतिष सम्मेलन के अध्यक्ष
पञ्चाङ्ग प्रवर्त्तक



दैवज्ञरत्नराजज्योतिषी
श्री पं० मुकुन्दवल्लभ मिश्र ज्योतिषाचा...
कुराली (पंजाब)

रूपगढीया (रूपड़) क्षवृत्तीयं दृग्गणितैक्यविषयैः

—::o::—

अलंकृतम्, धर्मशास्त्रसम्मतं च

BAGHAT # श्रीमार्तण्डपञ्चाङ्गम् PANCHAN...

श्री विक्रमार्कीय सं० २०१७ शाक १८८२, सन् १९६०-६१ ई०, जय हिन्द सं० १३ (१५ अगस्त से १४)

पञ्चाङ्गप्रवर्त्तकाः—स्व०, गणकचक्रचूडामणि श्री गोविन्द सदाशिव 'आप्टे', श्री पं० केदारनाथ 'सिद्धान्तपञ्चानन' शिष्याः पं० श्री मुकुन्दवल्लभशर्माणो ...चार्याः ...च

पञ्चाङ्गकर्त्तारः—प्रवर्त्तकतनयाः—श्री सत्यव्रत शर्मा शास्त्री, साहित्याचार्यः, श्री प्रियव्रत शर्मा शास्त्री, साहित्य-ज्योतिषाचार्यः, श्री शक्तिधर शर्मा

बांकीपुर पटना ▪ मोतीलाल बनारसीदास, पुस्तक विक्रेता, बंगलो रोड, जवाहरनगर, दिल्ली-६ ▪ पो० बा० ७५ वाराणसी

वि० सं० २०१८ का श्रीमार्तण्ड पञ्चाङ्ग हिन्दी, उर्दू व पञ्जाबी में एक साथ भाद्रपद में प्रकाशित हो जावेगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गृहादि निर्माण में आय आदि का विचार। गृहारम्भ एवं नवगृह प्रवेश मुहूर्त्त। ... ९५
सूर्यराशिवशखातज्ञान। कूप-तडाग चक्र आदि ९६
हलप्रवहण आदि मुहूर्त्त। दिक्शूल विचार। ९७
योगिनीवास चक्र। चन्द्रवासचक्र। यात्रा में चन्द्र का फल। सर्वाङ्क सिद्धियोग
दिन - रात में चतुर्घटिका मुहूर्त्त। आवश्यकता में यात्रा मुहूर्त्त। ९८
नौका यात्रा मुहूर्त्त। यात्रा से लौट कर प्रवेश का मुहूर्त्त। घात चन्द्रवारादि चक्र।
पल्ली पतन विचार। छींक का फल। तीर्थ में मुण्डन। ९९
अंग स्फुरण फल। उत्पात फल। तैलाभ्यंग विचार। काक स्पर्श, काक वचन
एवं कपोत स्पर्शादि का विचार। मुष्टि चक्र। स्वप्न विचार। आयु निर्णय १००–१०१
विंशोत्तरी महादशादि ज्ञान चक्र। योगिनी दशा। दशा भुक्तभोग्य कालानयन।
वर्ष कुण्डली में ग्रह फल। १०२
केरल मते प्रश्न विचार: रोगोत्पत्ति–सन्तान प्रतिबन्ध में देव दोष ज्ञान। ... १०३
मूक प्रश्न का अनुभूत प्रकार १०४
कार्याकार्य प्रश्न विचार। रोगी की मृत्यु का ज्ञान १०५
सुगम प्रश्न विचार १०६–१०७
तेजी-मन्दी निकालने का ध्रुवा १०८
स्वर शास्त्र का चमत्कार। भूकम्प फल। व्रतोद्यापन मुहूर्त्त। इष्ट बनाना आदि। ... १०९
लग्न सारिणी प्रयोगविधि सहित। ११०
दशमलग्न सारिणी प्रयोग विधिसहित। १११
वर्ष प्रवेश सारिणी, त्रिपताकी चक्र। वर्षेशनिर्णय। ... ११२
सं. २०१७ में ग्रह नक्षत्र राशिचार ११३
सं. २०१७ में ग्रहयुति, चन्द्र दर्शन, ग्रहोदयास्त।वक्रमार्ग काल। ... ११४
विश्व के सूर्योदयास्त काल ११५-११८
सूक्ष्म लग्न स्पष्टीकरण ११९-१२४
अक्षांशादि सारिणी १२५-१२६
लघ्वारब्ध कोष्ठक १२७
शुद्ध विवाह मुहूर्त्त। उपनयन आदि अन्य मुहूर्त्त } ... १२८-१३०
अशुद्ध विवाह मुहूर्त्त ... ...

इस पञ्चाङ्ग में प्रयुक्त किये गये ज्ञातव्य कुछ सांकेतिक शब्द

अ.–अस्त, अश्विनी या अतिगण्ड
अं.–अंग्रेजी (तारीख)।
उ.–उपरान्त, उदित या उत्तर
क.–करण या कर्क
कृ.–कृष्ण पक्ष।
घ.–घडी।
तिथि।
द.–दक्षिण।
दा.–दान-पूजन।
दि. मा.–दिनमान।
न.–नक्षत्र।
नि.–निम्बार्कों के लिये
प.–पल या परिघ
प्र.–प्रविष्ट
भ.–भद्रा या भरिणी।
मा.–मार्गी या माघ
मु.–मुहूर्त्ती या मुसलमानी तारीख।
या.–यावत् (=तक)
रा.–राष्ट्रीय (तारीख व मास भारत सरकार द्वारा संचालित नई तारीखें मास) अथवा रात्रि
ल.–लग्न।
व.–वक्री, वणिक् वज्र, वरीयान् योग
वा.–वार
वि. ...
वै.–वैष्णवों के लिये।
व्र.–व्रत।
व्र. स.–व्रत सब के लिये।
शु.–शुक्ल पक्ष, शुक्रवार या शुक्रग्रह अथवा शुभ शुक्ल योग।
स.–समाप्त।
सं.–संक्रान्ति (सौर)
सा.–सायन
स्मा.–स्मार्तों के लिये।

इस पञ्चाङ्ग की तिथ्यादि गणित का प्रयोग करने के लिये आवश्यक निर्देशन

(१) इस पञ्चाङ्ग का निर्माण ग्रीनविच से पूर्व रेखांश ७६°।३०′ एवं उत्तर अक्षांश ३१ के आधार पर किया है। अतः यहां "सूर्योदय" से सी स्थान का सूर्योदय जानें।

(२) तिथि, नक्षत्र, योग, एवं करणों के सम्मुख दिये गए घड़ीपल उनके समाप्तिकाल को बतलाते हैं। जैसे—चैत्र शुक्ल ३ बुधवार (सं.२०१७) के आगे १८।५६ लिखा है। इसका अभिप्राय है–यह तिथि तृतीया बुधवार को सूर्योदय के १८ घड़ी ५६ पल बाद समाप्त होगी, और उसी समय चतुर्थी प्रारम्भ होगी।

(३) इस पञ्चाङ्ग में केवल सूर्योदय व्यापी ही करण लिखे गये हैं, दूसरे नहीं।

(४) "चन्द्रसंचार" वाले कालम में राशियों के साथ दिये गये घड़ीपल चन्द्रमा के राशि प्रवेश का काल बतलाते हैं। जैसे–चैत्र शु. ३ बुधवार को ही चन्द्र-सञ्चार में वृष ५५।५० लिखा है। इसका अभिप्राय यह है कि चन्द्रमा इस दिन सूर्योदय के ५५ घड़ी ५० पल बाद वृष में प्रविष्ट हो जायेगा और इससे पूर्व वह मेष में ही था।

(५) चन्द्र-सञ्चार से आगेवाले कालमों में सूर्य के उदयास्त, जो कि भारतीय स्टैण्डर्ड टाईम में हैं, उपरोक्त रेखांश एवं अक्षांश स्थल के ही हैं। ये काल सूर्यचन्द्र के उदयास्त को बतलाते हैं।

(६) सूर्योदयास्त वाले कालमों के आगे अन्तिम कालम में दिया गया दैनिक स्पष्ट सूर्य सूर्योदय-कालिक एवं सूर्यसिद्धान्तीय है।

(७) लस्टर में पञ्चक एवं भद्रा की समाप्ति तथा प्रारम्भ, ग्रहों के उदय-अस्त, वक्र-मार्गी तथा राशि-नक्षत्र पाद प्रवेश आदि के सभी काल (जहां विशेष निर्देश नहीं किया गया) घटीपल में हैं, जो सूर्योदय के बाद का काल बतलाते हैं। जैसे–चैत्र शु. ३ बुधवार को लस्टर में भ. ५०।४६ उ. लिखा है। इसका अर्थ है कि इस दिन भद्रा सूर्योदय के ५० घड़ी ४६ पल बाद प्रारम्भ होगी। इसी प्रकार चैत्र शुक्ल ७ रविवार को "मीन में शुक्र ५६।३१" लिखा है। इसका अभिप्राय है कि शुक्र इस दिन सूर्योदय के बाद ५६ घड़ी ३१ पल पर मीन राशि में प्रविष्ट होगा।

(८) पंक्तियों में दिये गए (अष्टमी, पूर्णिमा एवं अमावस्या के) स्पष्ट ग्रहों के नीचे गति, उससे नीचे मार्गी या वक्री, फिर उदित या अस्त, फिर चरण सहित नक्षत्र, (जिसमें ग्रह है), और फिर ग्रह जिस नाडी में हैं उसका निर्देश किया गया है। पंक्तियों की सभी कुण्डलिएं सूर्योदय कालिक हैं। दैनिक स्पष्ट ग्रहों के साथ दिया गया साम्पातिक काल उक्त रेखांश एवं अक्षांश सम्बन्धी स्थल के स्थानीय काल ० घं. ० मि. का है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विषयसूची

विषय	पृष्ठाङ्क
विषय सूची । शब्दों के संक्षिप्त रूप । आवश्यक निर्देशन	१
आकाशी कौंसिल का विचार । साढ़ेसाती-ढैया-ग्रहण	२–७
यन्त्र-मन्त्रों का चमत्कार ...	८
अशौच निर्णय	९–१०
दैनिक लग्न सारिणी (भारतीय स्टै. टा. में)	११–१६
दैनिक लग्न सारिणी देखन की रीति । नवांश प्रारम्भ-समाप्तिकाल ज्ञान । स्थूल चन्द्रोदयास्त ज्ञान । प्रसूतिलग्न विचार ।	१७
प्रसूति स्थान से पाकशालादि विचार ।	१८
प्रसूति काल में शय्या, सिर व पाद का विचार । बालारिष्ट । काण-मूकादिकारक योग । मृत्युकाल विचार । प्रसवकष्ट दूर ।	१९
अमावस्या की नन्दादि संज्ञा । तीस का यन्त्र । भावस्थ ग्रह फल । माता एवं सन्तान नाशक योग । जातक के माता पिता को अरिष्ट ।	२०
स्त्री जातकफल । विकल जन्म फल । अशुभ-प्रसव मास । बालक की दन्तोत्पत्ति का फल।	
एकनक्षत्र जन्म फल । मूल में कन्या जन्म त फल । तिथि गण्डान्त । गण्डमूल नक्षत्र ।	२१
मूल. आश्लेषा में जन्म का फल । मूलजनने वृक्ष-विभागफलम् । मूलपुरुष चक्र । मूल निवास चक्र। अभुक्त मूल विचार । अश्विनी आदि नक्षत्रों में जन्म का फल ।	२२
बालकष्टावली	२३
नक्षत्रकष्टावली	२४–२६
रोगोत्पादक योग। रोग त्रिनाडी चक्र। काल मुख दंष्ट्रा ज्ञान। ज्वर यन्त्र। तिथिकष्टावली यन्त्र। वारकष्टावली यंत्र। कालाङ्ग विभाग।	२७
ग्रहानिष्टफल शान्ति के लिये मन्त्रौषध आदि ।	

आशीराशंसना

जयन्ति श्री महाविद्यापादपङ्कजरेणवः ।
यत्कृपालेशमात्रेण रङ्को राजति सत्वरम् ॥ १ ॥
श्रीदुर्गासिंहवर्माख्यो राजा राजगुणैर्युतः ।
सनातनीं धर्मधुरं वहन् भागवतोत्तमः ॥ २ ॥
बघाटेशः सोलनाख्य* राजधान्यामुदारधीः ।
राजते धर्ममार्तण्डो गोविप्रगणपूजकः ॥ ३ ॥
निर्देशात्तस्य राजर्षेरिदं पंचाङ्गमुत्तमम् ।
प्रसृत्य मार्त०ऽसममज्ञानान्ध्यं व्यपोहतु ॥ ४ ॥

*पुरान ग्पलान्यस्ति रेखातः सोलनं पुरम् ।
यत्र रुद्रव्यङ्गुलाद्रि (७।११) मितांगलपलप्रभा ॥

श्री १००८ आनन्दमयी माँ

मात्रे भवार्तिघनपा॰॰वमुक्तिदायै ।
श्रद्धावनम्रमनसां शरणागतानाम् ॥
ज्ञानञ्च भक्तिममितां सततं ददत्यै ।
आनन्दसान्द्ररुचिराकृतये नमस्ते ॥

विषय	पृष्ठाङ्क
से दशानिर्णय । कार्य सिद्धि प्रश्न । कथा प्रारम्भ मुहूर्त ।	२८
१२ भावों में ग्रहों के फल । ग्रहमैत्री चक्र । शनि-यन्त्र-स्तोत्रादि । ग्रहाणामेकगे भोग फल ज्ञानम् ग्रहशान्त्यर्थं मणिएं । नवग्रहमुद्रिका ।	२९
ग्रह दृष्ट्यादि चक्र	३०
पुत्रोत्पत्ति, विवाह एवं पिता की मृत्यु का ज्ञान । प्राणपद से जन्मेष्ट शुद्ध करना । भाविवर्षा-विचार । नष्ट द्रव्य न मिलने का योग ।	३१
वर्षाविज्ञान । वर्षाज्ञान सारिणी । अनावृष्टि-शान्ति प्रयोग । मृत संजीवनी मंत्र ।	३२
राशिज्ञान में विशेष । नक्षत्र राशिज्ञान चक्र । अभिजित् निर्णयः । नक्षत्र विषयघटी ज्ञान । जन्म-कुण्डली से विशेष विचार और इष्टशुद्धि ।	३३
द्वादश राशियों का मासिक फलादेश ।	३४–३५
वर्षफलश्रवणादि । सृष्टिक्रम वर्णन ।	३६
वर्षराजादि फल विचार । ...	३७
रोहिणी वास । वर्षादिक विश्वामान आदि २ ।	३८
२४ पक्ष तिथि-वारादि एवं पाक्षिक भविष्य । (सं. २०१७)	३९–६२
साम्पातिक काल एवं दैनिक स्पष्ट ग्रह (सं २०१७), किसी नगर का सूर्योदयास्त जानना	६३–७५
१०–१० घटी के अन्तर पर स्पष्ट चन्द्र (सं.२०१७)	७६–८३
शुभकार्यों मेंवर्जित काल आदि । भद्रा में कार्या-कार्य निर्णय । गुर्वादित्य विचार । तारा-बल । शुभाशुभ ताराज्ञान । ...	८४
आवश्यक मुहूर्त । ...	८५–८६
योनिनाड्यादि चक्र । मेलापक सारिणी देखने की विधि ।	८७
मेलापक सारिणी ।	८८–८९
मंगली आदि विचार । मन्त्र दीक्षा मुहूर्त । अनुष्ठानारम्भ मुहूर्त । लग्न गण्डान्त ।	९०
विवाह मास । विवाहांगकृत्यारम्भ मुहूर्त । विवाह में दस दोषों का विचार आदि	९१–९२
ग्रहों के रेखाप्रद स्थान । गोधूलि विचार ।	

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गृहादि निर्माण में आय आदि का विचार । गृहारम्भ एवं नवगृह प्रवेश मुहूर्त्त । ... ९५
सूर्यराशिवशखातज्ञान । कूप-तडाग चक्र आदि ९६
हलप्रवहण आदि मुहूर्त्त । दिक्शूल विचार । ९७
योगिनीवास चक्र । चन्द्रवासचक्र । यात्रा में चन्द्र का फल । सर्वाङ्क सिद्धियोग
दिन - रात में चतुर्घटिका मुहूर्त्त । आवश्यकता में यात्रा मुहूर्त्त । ९८
नौका यात्रा मुहूर्त्त । यात्रा से लौट कर प्रवेश का मुहूर्त्त । घात चन्द्रवारादि चक्र ।
पल्ली पतन विचार । छींक का फल । तीर्थ में मुण्डन । ९९
अंग स्फुरण फल । उत्पात फल । तैलाभ्यंग विचार । काक स्पर्श, काक वचन
एव कपोत स्पर्शादि का विचार । मुष्टि चक्र । स्वप्न विचार । आयु निर्णय १००–१०१
विंशोत्तरी महादशादि ज्ञान चक्र । योगिनी दशा । दशा भुक्तभोग्य कालानयन ।
वर्ष कुण्डली में ग्रह फल । १०२
केरल मते प्रश्न विचार: रोगोत्पत्ति–सन्तान प्रतिबन्ध में देव दोष ज्ञान । ... १०३
मूक प्रश्न का अनुभूत प्रकार १०४
कार्याकार्य प्रश्न विचार । रोगी की मृत्यु का ज्ञान १०५
सुगम प्रश्न विचार १०६–१०७
तेजी-मन्दी निकालने का ध्रुवा १०८
स्वर शास्त्र का चमत्कार । भूकम्प फल । व्रतोद्यापन मुहूर्त्त । इष्ट बनाना आदि । ... १०९
लग्न सारिणी प्रयोगविधि सहित । ११०
दशमलग्न सारिणी प्रयोग विधिसहित । १११
वर्ष प्रवेश सारिणी, त्रिपताकी चक्र । वर्षेशनिर्णय । ... ११२
सं. २०१७ में ग्रह नक्षत्र राशिचार ११३
सं. २०१७ में ग्रहयुति, चन्द्र दर्शन, ग्रहोदयास्त।वक्रमार्ग काल । ... ११४
विश्व के सूर्योदयास्त काल ११५-११८
सूक्ष्म लग्न स्पष्टीकरण ११९-१२४
अक्षांशादि सारिणी १२५-१२६
लघुरिक्थ कोष्ठक १२७
शुद्ध विवाह मुहूर्त्त । उपनयन आदि अन्य मुहूर्त्त
अशुद्ध विवाह मुहूर्त्त ... ... } ... १२८-१३०

इस पञ्चाङ्ग में प्रयुक्त किये गये ज्ञातव्य कुछ सांकेतिक शब्द

अ.–अस्त, अश्विनी या अतिगण्ड
अं.–अंग्रेजी (तारीख) ।
उ.–उपरान्त, उदित या उत्तर
क.–करण या कर्क
कृ.–कृष्ण पक्ष ।
घ.–घड़ी ।
ति.–तिथि ।
द.–दक्षिण ।
दा.–दान-पूजन ।
दि. मा.–दिनमान ।
न.–नक्षत्र ।
नि.–निम्बार्कों के लिये
प.–पल या परिघ
प्र.–प्रविष्ट
भ.–भद्रा या भरिणी ।
मा.–मार्गी या माघ
मु.–मुहूर्त्ती या मुसलमानी तारीख ।
या.–यावत् (=तक)
रा.–राष्ट्रीय (तारीख व मास भारत सरकार द्वारा संचालित नई तारीखें मास) अथवा रात्रि
ल.–लग्न ।
व.–वक्री, वणिक् वज्र, वरीयान् योग
वा.–वार
वि. ...
वै.–वैष्णवों के लिये ।
व्र.–व्रत ।
व्र. स.–व्रत सब के लिये ।
शु.–शुक्ल पक्ष, शुक्रवार या शुक्रग्रह अथवा शुभ शुक्ल योग ।
स.–समाप्त ।
सं.–संक्रान्ति (सौर)
सा.–सायन
स्मा.–स्मार्तों के लिये ।

इस पञ्चाङ्ग की तिथ्यादि गणित का प्रयोग करने के लिये आवश्यक निर्देशन

(१) इस पञ्चाङ्ग का निर्माण ग्रीनविच से पूर्व रेखांश ७६°।३०′ एवं उत्तर अक्षांश ३१ के आधार पर किया है । अतः यहां "सूर्योदय" से सी स्थान का सूर्योदय जानें ।

(२) तिथि, नक्षत्र, योग, एवं करणों के सम्मुख दिये गए घड़ीपल उनके समाप्तिकाल को बतलाते हैं । जैसे—चैत्र शुक्ल ३ बुधवार (सं.२०१७) के आगे १८।५६ लिखा है । इसका अभिप्राय है–यह तिथि तृतीया बुधवार को सूर्योदय के १८ घड़ी ५६ पल बाद समाप्त होगी, और उसी समय चतुर्थी प्रारम्भ होगी ।

(३) इस पञ्चाङ्ग में केवल सूर्योदय व्यापी ही करण लिखे गये हैं, दूसरे नहीं ।

(४) "चन्द्रसंचार"वाले कालम में राशियों के साथ दिये गये घड़ीपल चन्द्रमा के राशि प्रवेश का काल बतलाते हैं । जैसे–चैत्र शु. ३ बुधवार को ही चन्द्र-सञ्चार में वृष ५५।५० लिखा है । इसका अभिप्राय यह है कि चन्द्रमा इस दिन सूर्योदय के ५५ घड़ी ५० पल बाद वृष में प्रविष्ट हो जायेगा और इससे पूर्व वह मेष में ही था ।

(५) चन्द्र-सञ्चार से आगेवाले कालमों में सूर्य के उदयास्त, जो कि भारतीय स्टैण्डर्ड टाईम में हैं, उपरोक्त रेखांश एवं अक्षांश स्थल के ही हैं । ये काल सूर्यचन्द्र के उदयास्त को बतलाते हैं ।

(६) सूर्योदयास्त वाले कालमों के आगे अन्तिम कालम में दिया गया दैनिक स्पष्ट सूर्य सूर्योदय-कालिक एवं सूर्यसिद्धान्तीय है ।

(७) लस्टर में पञ्चक एवं भद्रा की समाप्ति तथा प्रारम्भ, ग्रहों के उदय-अस्त, वक्र-मार्गी तथा राशि-नक्षत्र पाद प्रवेश आदि के सभी काल (जहां विशेष निर्देश नहीं किया गया) घटीपल में हैं, जो सूर्योदय के बाद का काल बतलाते हैं । जैसे–चैत्र शु. ३ बुधवार को लस्टर में भ. ५०।४६ उ. लिखा है । इसका अर्थ है कि इस दिन भद्रा सूर्योदय के ५० घड़ी ४६ पल बाद प्रारम्भ होगी । इसी प्रकार चैत्र शुक्ल ७ रविवार को "मीन में शुक्र ५६।३१" लिखा है । इसका अभिप्राय है कि शुक्र इस दिन सूर्योदय के बाद ५६ घड़ी ३१ पल पर मीन राशि में प्रविष्ट होगा ।

(८) पंक्तियों में दिये गए (अष्टमी, पूर्णिमा एवं अमावस्या के) स्पष्ट ग्रहों के नीचे गति, उसके नीचे मार्गी या वक्री, फिर उदित या अस्त, फिर चरण सहित नक्षत्र, (जिसमें ग्रह है), और फिर ग्रह जिस नाड़ी में हैं उसका निर्देश किया गया है । पंक्तियों की सभी कुण्डलिएं सूर्योदय कालिक हैं । दैनिक स्पष्ट ग्रहों के साथ दिया गया साम्पातिक काल उक्त रेखांश एवं अक्षांश सम्बन्धी स्थल के स्थानीय काल ० घं. ० मि. का है ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आकाशी कौंसिल का विचार सं० २०१७

स्वतन्त्र भारत का जन्मलग्न

ता. १५ अगस्त शुक्रवार सन् १९४७ इष्ट ४५।२०

विमृश्य ग्रहसंस्थितिं मुनिवचः सिद्धान्तयित्वा स्फुटम् ।
शास्त्रं शाकुनकं विचार्य नितरामालोच्य सत्संहिताः ॥
राष्ट्रे राजसमाजधर्मविषये ह्युद्भाविनी या स्थितिः ।
सा शम्भोः कृपया यथामति मया प्रागेव निर्णीयते ॥

स्वतन्त्र भारत के जन्म की चलित कुण्डली

ग्रह भावस्पष्टानुसार यह सू. शु. गु. श. चल गये हैं

स्वतन्त्र भारत के १४ वें वर्ष प्रवेश की कुण्डली



वर्षप्रवेश इष्ट वा.घ.प. २।७।९

मुस्लिम राष्ट्रों के नववर्ष प्रवेश की कुण्डली



…रोपीय राष्ट्रों के नव वर्ष प्रवेश की कुण्डली ।



इस वर्ष की आकाशीय कौंसिल से ज्ञात होता है कि विश्व के राष्ट्रों की नीति में कोई विशेष परिवर्तन होगा, साथ ही शासकों के सम्मुख टेढ़ी उलझनें उपस्थित होंगी, आन्तरिक वैमनस्य रहेगा । विज्ञानपति गुरु ग्रह के भ्रमण से वैज्ञानिक प्रगति विस्मयावह, अचिन्तित आविष्कारों का अनावरण करेगी । भयङ्कर संहारकारी गुह्य वैज्ञानिक उपकरण अभी विशेष ग्रहयोग काल की प्रतीक्षा में भस्मावृत अग्नि की तरह दबे ही रहेंगे । राहु, शनि एवं मंगल की स्थिति तथा योगों को देखते हुए ज्ञात होता है कि—भयावह अणु एवं उदजन बम आदि के अतिरिक्त भी कई अन्य महाविध्वंसक रासायनिक अस्त्र प्रस्तुत किए जाएंगे । परन्तु जगदीश्वर की आकांक्षा से उनका प्रयोगकाल अभी दूर ही है,—ग्रहगति से ऐसा ज्ञात किया गया है । सं० २०१८ का अष्टग्रही—योग अवश्य भयानक है । इस योग का विशेष विवेचन, शान्त्यादि सहित आगामी वर्ष (सं० २०१८) के पञ्चाङ्ग में ही लिखा जाएगा ।

भारत—गतवर्ष (सं० २०१६) के पञ्चाङ्ग में भारत के अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों एवं सीमा सम्बन्धी समस्याओं के विषय में की गई हमारी भविष्यवाणिएं शत प्रतिशत यथार्थ सिद्ध हुई हैं । देखिए—हमने पृष्ठ ५ पर प्रथम कालम की ३३वीं पंक्ति पर स्पष्ट लिखा है—"श्रावण के बाद आश्विन तक भारत के अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध नाजुक स्थिति में होंगे ।" ठीक इसी तरह, इसी कालावधि में प्रतिवेशी राष्ट्र चीन के साथ युगों से चला आ रहा सौहार्द कटुता में परिणत हो गया एवं लद्दाख आदि भारतीय सीमा प्रदेशों की सुरक्षा संशयित हो गई, जिसके कारण भारतीय नेताओं की स्थिति सांप-छुछुन्दर की सी दीख पड़ने लगी । भाद्रपद शुक्ल के पाक्षिक फलादेश में भी यही बात हमने और भी स्पष्ट रूप में इस प्रकार लिख दी थी:—"भारत के पश्चिमोत्तर सीमाप्रान्त में भी अशान्त वातावरण दृष्टिगोचर हो । यह तेरह दिन का पक्ष है, जो कहीं क्रान्ति का सूचक है । राष्ट्रों में एक ओर जहां शान्ति स्थापना के प्रयत्न होंगे, वहां दूसरी ओर आन्तरिक रूप से अशान्ति का बीजारोपण होगा ।"

इस वर्ष स्वतन्त्र भारत की वर्ष कुण्डली देखते हुए ज्ञात होता है कि विश्व में भारत की प्रतिष्ठा पूर्ववत् अक्षुण्ण रहेगी । यहां बड़े पुरुषों की नीति में कुछ परिवर्तन भी होगा । तृतीय पञ्चवर्षीय योजना नियत समय तक सम्पन्न न हो सकेगी । अनेक बाधाएं उपस्थित होंगी । कई प्रदेशीय राज्यों में आर्थिक एवं राजनैतिक संकट उत्पन्न होगा । अनुशासन भङ्ग की कार्रवाइयां अधिक होंगी । कई राज्यों के मंत्रिमंडलों में पारस्परिक मतभेद, एवं बढ़ते हुए विरोध के कारण उच्चाधिकारी त्यागपत्र देने को बाध्य हो जाएं । प्रजा में अग्नि एवं चौरभय बना रहेगा । इस वर्ष के बाद दो वर्ष के भीतर भारत पर प्राकृतिक विपत्तियां आने के योग बन रहे हैं, जिनका भारतीयों के राजकीय, सामाजिक एवं कौटुम्बिक जीवन पर विशेष प्रभाव पड़ेगा । नर्मदा तटवर्ती प्रदेश महँगाई से विशेष कष्ट पाएंगे । शासकों को भारतीय सीमा की समस्याओं का सरदर्द भी कुछ न कुछ बना रहेगा । इस वर्ष भारत सरकार पर व्यय का भार अधिक पड़ेगा । शत्रु देशों के गुप्तचरों की धरपकड़ भी इस वर्ष अधिक रहेगी ।

कांग्रेस की कुण्डली



कांग्रेस—कांग्रेस की जन्मकुण्डली को देखने से ज्ञात होता है, कि अब कांग्रेस पर जनता का विश्वास पूर्ववत् नहीं रहेगा । इसके प्रतिद्वन्द्वी अन्य दलों का वर्चस्व बढ़ेगा । सन् १९६५ ई० के अनन्तर कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में है ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विश्व के प्रधान राष्ट्रों का भविष्य

रूस—इस वर्ष की ग्रहस्थिति समस्त जगत् में इसके प्रभाव को और भी पुष्ट करेगी। यहां की मूल-भूत नीति में कोई विशेष परिवर्तन के भी योग हैं। प्रधान मंत्री श्री ख्रुश्चेव के स्वास्थ्य में कुछ बिगाड़ होने का योग है।

ब्रिटेन—इस वर्ष इसका भारत से साधारणतः अच्छा सम्बन्ध रहेगा। राज्यतन्त्र में कुछ फेरफार के योग हैं। बेकारी बढ़ेगी। व्यापार पक्ष शिथिल हो। मजदूर पक्ष की प्रबलता रहे।

अमेरिका—इस वर्ष रूस के साथ वैज्ञानिक होड़ में पीछे रहेगा, और नए नए वैज्ञानिक आविष्कार गुप्त रूप से करता रहेगा। यहां की विदेश नीति में किसी प्रकार का विशेष परिवर्तन होगा। यहां किसी महापुरुष की असामयिक, आकस्मिक मृत्यु का भय है।

पाकिस्तान—इस वर्ष पाक सरकार के सम्मुख काश्मीर के अतिरिक्त किसी अन्य अपने प्रदेश के विषय में भी कोई नवीन समस्या उपस्थित होगी। सैनिक शासन की कठोरता कुछ मृदु रूप में उपस्थित होगी। यहां की जनता को कई कठिनाइयों एवं रोगपीड़ा का सामना करना पड़ेगा। भौमगतिवश संभव है—कोई प्रभावशाली नया व्यक्ति जनता के हित हेतु उठ खड़ा हो, और कहीं बलवा जैसी स्थिति उत्पन्न हो। शनि-भौम के प्रभाव से युद्ध जैसा वातावरण उपस्थित हो जाने पर भी गुरुस्थितिवश युद्ध की परिस्थिति टलती रहेगी। सीमाओं का सरदर्द कुछ बना रहेगा। पूर्वी पाकिस्तान की स्थानीय प्रजा अपने विधर्मियों से मैत्री का भाव बनाएगी।

काश्मीर—इस वर्ष काश्मीर में श्रावण तक उग्र वातावरण से भय व्याप्त हो। कहीं प्राकृतिक प्रकोप से जनता को हानि उठानी पड़े।

नेपाल—इस वर्ष यह देश ऋणग्रस्त होता हुआ भी आन्तरिक उन्नति की ओर अग्रसर होता रहेगा। यहां की राजसत्ता एवं प्रजा में एकबार भयचिन्ता बने। प्रजा शासन का साथ देकर उत्साह बढ़ाएगी। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी।

चीन—इस वर्ष यहां की प्रजा में नए नए विचार उत्पन्न हों। कहीं कोई असन्तुष्ट पार्टी उपद्रव करे। वर्ष के उत्तरार्ध में भारत से बिगड़े सम्बन्ध सुधरेंगे। गत वर्ष हमने चीन के विषय में लिखा था कि—"कहीं युद्ध या युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न होगी", तदनुसार तिब्बत एवं भारत के साथ वही स्थिति बनी। चीन की महत्त्वाकांक्षा से अनुप्राणित बढ़ते साम्यवाद के बलादारोपित प्रसार एवं उससे उत्पन्न होने वाली अशान्ति की ओर स्पष्ट संकेत हमने पहिले ही कर दिया था। सं० २०१६ के पञ्चाङ्ग के पृष्ठ ३ पर दूसरे कालम का दूसरा प्रघट्टक (Paragraph) देखें—"धर्म का ह्रास तथा बढ़ते साम्यवाद की वृद्धि होगी। कई बार भयप्रद स्थिति बनते रहने पर भी महायुद्ध नहीं होगा"—आदि आदि।

अन्य जापानादि देश एवं द्वीप समूह पर आकाशी कौंसिल का प्रभाव।

इस वर्ष आस्ट्रेलिया की सरकार जनता के बदलते नए विचारों से विशेष चिन्तित एवं चीन से सतर्क रहेगी। आत्मरक्षा के हेतु विशेष खर्च करना पड़ेगा। जापान का भारत से सम्बन्ध रहेगा एवं व्यापार भी बढ़ेगा। अपनी स्वतन्त्रता पर प्रतिबन्धात्मक स्थितियों से उकताकर प्रतिबन्धकों के विरुद्ध विद्रोह करने के लिए शनैः २ उन्मुख होता दीखेगा। जर्मनी वर्ष के अन्त में अपना ध्येय प्राप्त करने में सफल होगा। बर्मी का वातावरण अस्थिर एवं अशान्त रहेगा। सरकार को सीमा के उपद्रवों से हानि होगी, और प्रजा में लुटेरों से आतङ्क फैलेगा, जिससे कई बार यातायात ठप सा हो जायगा। तस्कर-व्यापार का बाजार गर्म रहेगा। काबुल एवं अफगानिस्तान औद्योगिक प्रगति करेंगे एवं वहां राज्य सत्ता में कोई भय व्याप्त होगा। भारत से सम्बन्ध अच्छे रहेंगे। फ्रांस के भी भारत से अच्छे सम्बन्ध रहेंगे और किसी स्वाधीन देश को स्वतन्त्र करके यशस्वी बनेगा। यहां के मंत्रिमंडल में कुछ परिवर्तन के योग हैं। तिब्बत की प्रजा में भय अशान्ति बनी रहेगी। ज्येष्ठ मास के बाद प्रजा में कुछ शान्ति होगी। व्यापार की स्थिति भी कुछ सुधरेगी। श्री दलाई लामा के भारत से इतर देशों की यात्रा के योग बन रहे हैं। मई मास से श्री लामा को कुछ शुभ समय दिखाई देने लगेगा।

भारत की वर्षा वायु—इस वर्ष आषाढ़ शुदी सप्तमी के आसन्न से ही कहीं न कहीं वर्षा का प्रारम्भ हो जाएगा। आषाढ़ शुदी १४ तक वृष्टि प्रायः सर्वत्र हो जाएगी। तदनन्तर श्रावण में व्यापक वर्षा होगी। कृषक प्रसन्न रहेंगे। श्रावण शुक्ल १० से बहुत जगह भारी वर्षा और कई दिन की झड़ी लगगी। भाद्रपद में समय पर उपयुक्त वर्षा होती रहेगी। वायु का जोर भी ज्यादा रहेगा। वर्षा ऋतु से पूर्व गर्मी भी अच्छी पड़ेगी। फसल को कहीं टिड्डी व अन्य कीड़ों से नुकसान पहुँचे।

भारत का व्यापार—इस वर्ष व्यापारेश बुध व अन्य ग्रहों की स्थिति को देखते हुए ज्ञात होता है कि—मकई, सरसों, मूंगफली, गेहूँ, तूवर, खांड, गुड़ आदि की उत्पत्ति अच्छी रहेगी। चावल की उपज मध्यम रहे। पूर्वी भारत में कहीं प्राकृतिक प्रकोप से फसल को हानि भी पहुँचे। गत वर्ष की अपेक्षा घी का भाव कुछ नीचे रहेगा। नीचे गिरता हुआ तेल का भाव सरकारी नीति से रुकेगा। मशाले की वस्तुएं इस वर्ष तेज रहेंगी—इसमें सन्देह न। व्यापारी वर्ग को पैसे की तंगी का अधिकतर अनुभव होगा। वैशाख शुदी सप्तमी से गेहूं चना आदि अनाज सस्ते होंगे। तब खरीद कर मार्गशीर्ष में बेचने से लाभ मिलेगा। आश्विन से माघ तक शनि-भौम की स्थिति अन्न में तेजीकारक है। इस वर्ष गुड़, खांड, शक्कर के व्यापारियों को हमसे सलाह लेकर एक मौके पर काम करने से लाभ हो सकेगा। अन्यथा हो सकता है—भारी हानि उठाकर पश्चात्ताप करना पड़े। चैत्र शुदी में ही जौं, पीपल (मघ) घास व लकड़ी का संग्रह करने से आठ मास के भीतर २ उत्तम लाभ मिलेगा। वैशाख तक तांबा, पीतल, टीन में मन्दी आकर बाद में तेजी रहेगी। कार्तिक मास में घी का संग्रह कर आगे चैत्र में बेचने से लाभ मिलेगा।

सरसों आदि—२६ मई (ज्येष्ठ शु. १) से २१ जून (आषाढ़ कृ. १३) तक सरसों आदि तिलहन के भाव में मन्दी आएगी। यहां मन्दी में खरीद करने वालों को पौने दो मास के भीतर २ तेजी से लाभ मिलेगा। अगस्त १२ (भाद्र कृ. ६) के लगभग सरसों, तिलहन का वायदा बेचने से ३१ दिन के अंदर २ मौका देखकर सौदा छोड़ने से अच्छा लाभ मिले।

सोना चान्दी—१ अप्रैल (चै. शु. ५) से एक मास के भीतर चांदी हरघटे भाव में लेकर तेजी में छोड़ते रहने से लाभ रहे। वैशाख सुदी ५ से एक मास के अन्दर (मई में) हर बढ़े भावों में सोना चांदी बेचकर मौके पर नफा लेते रहने से लाभ रहे। जुलाई और अक्तूबर में हर घटे भाव पर सोना चांदी खरीद कर तेजी में छोड़ते रहने वाले लाभ में रहेंगे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

रुई—इस वर्ष कई जगह कपास की फसल को किसी प्रकार हानि पहुँचने के योग हैं। चैत्र शुदी १ से चैत्र शुदी ११ तक रुई में मन्दी रहेगी। बाद में वैशाख शुदी ६ तक तेजी का ध्यान रख कर लाभ उठाएं। वैशाख शुदी ७ से श्राव. वदी ८ तक न्यूनाधिक रूप में मंदी की लाईन रहेगी। श्राव. वदी ९ से आश्विन वदी १० तक तेजी का ध्यान रखते हुए हर घटे भावों में खरीद कर मौका देख नफा उठाते रहने से अच्छा लाभ रहेगा। आश्वि. वदी ११ से आश्वि. शुदी १ तक रुई में एक म [illegible] की लाईन आएगी। आश्वि. शुदी २ से मार्गशीर्ष शुदी १ तक फिर तेजी का ध्यान रखकर पूर्ववत् लाभ उठाएं। मार्गशीर्ष शुदी १३ (१ दिसम्बर) शाम को वायदा रुई बेचने से लाभ मिलेगा। पौष कृ. ३० (१८ दिस.) के लगभग रुई में भारी तेजी आ जाए तो वायदा बेचने से शीघ्र लाभ मिले। इस वर्ष वस्त्रों का उत्पादन वृद्धि पर होते हुए भी कई मिलों की आन्तरिक स्थिति खराब रहेगी।

शेयर—२७ अप्रैल (वैशा. शु. २) से १४ सितम्बर (आश्वि. कृष्ण ९) तक लोहा व लोहे की मशीन आदि के शेअर तेजी में रहेंगे। बाद में २४ अक्तूबर (कार्ति. शु. ४) तक रुख मन्दा रहेगा।

भय रोग उपद्रव—इस वर्ष आषाढ़, श्रावण मास में कहीं भयंकर दवो उत्पात व विस्फोट से जन धन की हानि हो। अमरीका के लिए भी ये मास अशुभ हैं। वहां कहीं-कहीं आमोद-प्रमोद का समय रुदन महादुःख में परिणत हो। भारत के अतिरिक्त अन्य देशों के लिए आषाढ़ शुदी ११ से श्राव. वदी १३ तक के दिन विशेष अशुभ हैं। इस वर्ष कहीं युद्ध-भय तो बना रहेगा और कहीं युद्धाग्नि सुलगती भी रहेगी, परन्तु संहारक विश्व युद्ध का कोई विशेष योग नहीं। भाद्र कृ. ७ (१३ अगस्त) से भाद्र. कृ. १४ (२१ अग.) तक कहीं कारखानों में अग्नि प्रकोप आदि से हानि या हड़ताल आदि हो। १२ सितम्बर के बाद किसी देश में कहीं ज्वालामुखी या अन्य किसी विस्फोट से हानि और कहीं परचक्र से भय उत्पन्न हो। पौष कृ. ३० (१८ दिसं.) से एक मास के भीतर कहीं आकाशीय विद्युत् या अन्य विद्युत्-यन्त्रों से हानि हो। इसी मास में कहीं सम्मानित व्यक्तियों की मृत्यु या उनको खतरा हो। कहीं प्राकृतिक प्रकोप व जनता में उपद्रव होने के भी योग हैं। दक्षिण भारत में किसी समस्या को लेकर शासक-वर्ग एवं प्रजा में वैमनस्य व संघर्ष होने के योग हैं। धनु में गुरु-शनि का योग कहीं अनावृष्टि अन्नकष्ट एवं कहीं रोगमारी आदि का कारण है। लिखा है—

यदा जीवयुतो मन्दो जीवाद्वा सप्तमे स्थितः।
तदा प्रजा विनश्यन्ति भूयश्चान्नपरिक्षयः॥

रोग प्रकोप से देश में कहीं भारी मौतें होंगी।

तृतीय विश्व युद्ध कब होगा ?

आगामी सं० २०१८ विक्रमी (सन् १९६२) में आने वाले अष्टग्रही योग को देख कर कई विद्वान् ज्योतिर्विद् सज्जन इसी योग के समय में तृतीय महासंहारकारी विश्वयुद्ध का होना मानते हैं। परन्तु मैंने इस विषय में गम्भीरतापूर्वक ग्रन्थावलोकन एवं ग्रहस्थिति-युत्यादि का अध्ययन कर यह निष्कर्ष निकाला है कि—अष्टग्रही (कालकूट) योग के कारण दैवी (प्राकृतिक) प्रकंप से विश्व में महासंकट तो उपस्थित होगा, परन्तु तृतीय विश्वयुद्ध नहीं होगा। [illegible] युद्धनायक एवं शनि को मृत्युनायक (यम) माना है। युद्ध के लिए इनका विचार मुख्यतः किया जाता है। मैंने सूक्ष्म ग्रहगणित द्वारा सन् १९७१ ई० तक तो परीक्षण कर लिया है। इस अवधि में विश्वयुद्ध का पूरा योग दृष्टिगोचर नहीं हुआ। हां, छोटे-मोटे एकदैशिक युद्ध सम्भावित हैं। तृतीय विश्व युद्ध कब होगा—यह आगामी वर्ष स्पष्ट करेंगे। इस युग में हुए दो विश्व युद्धों के समय की ग्रहस्थितियों में सप्त या अष्टग्रही योग नहीं बने। सन् १९१४ ई० की २८ जून को आस्ट्रिया के राजा तथा रानी के वध के कारण प्रथम विश्वयुद्ध का सूत्रपात हुआ था। द्वितीय विश्व महायुद्ध सन् १९३९ ई०, ३१ अगस्त की रात को पोलैण्ड में शुरू हुआ था। देखिए, इन दोनों महायुद्धों के उपक्रम काल की ग्रह स्थिति इस प्रकार है :—

प्रथम विश्व महायुद्ध प्रारम्भ



द्वितीय विश्व महायुद्ध प्रारम्भ



जब भौम का आकाशस्थ बिम्ब विवर्ण (श्याम सा) ज्वाला सदृश क्रुद्ध शिखा वाला, किंच शनि रूक्ष पीला सा देखने में आए एवं उनके साथ अन्य ग्रहों की विशेष भयप्रद युति आदि हों तो महायुद्ध से विश्व आतंकित होता है। प्रथम महायुद्ध के समय मिथुन में सूर्य, शनि, कुम्भ में राहु, गुरु एवं सिंह में केतु, भौम, चन्द्र का होना महर्षि नारद के वचनानुसार (पश्चिमायां नृपक्षयः) युद्ध के योग थे। दूसरे विश्व महायुद्ध के समय केतु के साथ बैठे नीच-राशिस्थ मृत्युनायक शनि और युद्धनायक उच्चराशि-मकरस्थ भौम दोनों का परस्पर स्थान दृष्टि सम्बन्ध था। तथा उत्पात (रात्रि में इन्द्र धनुष, दिन में उल्का आदि) भी देखने में आए थे। यही द्वितीय महायुद्ध के कारण बने थे। इन्हीं योगों को देखते हुए हमने अपने सं० १९९६ के "श्री मार्तण्ड पञ्चांग" में आकाशी कौंसिल के विचार में पृ. २८ पर एक वर्ष पूर्व ही इस महायुद्ध के आरम्भ की सूचना इस प्रकार दी थी—"शनि मेष राशि में केतु के पास आ रहे हैं और नौ दिन बाद मंगल देवता भी अपनी उच्चराशि मकर में आकर नीच-राशिस्थ शनि के साथ अन्योन्य स्थान तथा पूर्ण दृष्टि सम्बन्ध स्थापित करेंगे। ये दोनों परस्पर कट्टर शत्रु हैं। लड़ाई के मुख्य बलवान् तामसी वृत्ति के ग्रह हैं। ये शासक-वर्ग को युद्धादि भयंकर उपद्रव के लिए उत्सुक करेंगे। सो ध्यान रहे"—(देखें—श्री मार्तण्डपञ्चांग सं० १९९६ पृ. २८) ठीक हमारी इस भविष्यवाणी के अनुसार इसी शनि भौम के सम्बन्ध के समय द्वितीय विश्व महायुद्ध प्रारम्भ हुआ—यह हमारे पञ्चाङ्ग के प्रेमी पाठक भली प्रकार जानते हैं।

विज्ञमहोदयो! इस वर्ष में घटित होने वाली राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संसार से सम्बन्धित घटनाओं का ज्योतिर्विज्ञानदृष्ट्या और प्रभु कृपावशात् जो शुभाशुभ दीख पड़ा वह मैंने अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार लिख दिया है। आगे कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्थ,

[illegible] मन्त्रों का चमत्कार

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भविष्य के निर्माता सर्वान्तर्यामी श्री प्रभु ही हैं। उनकी प्रबल माया के सन्मुख अल्पज्ञ व्यक्ति भविष्य लेखन की क्या क्षमता रख सकता है। "तत्त्वं चात्रश्वरो वेत्ति नाहं वेद्मि कदाचन ।"

श्रीमार्त्तण्ड भवन
मु० पो० कुराली,
श्रावण शुक्ल, पूर्णिमा
(सं० २०१६)

शुभेच्छु :—
श्री बघाटनरेशाश्रित
मुकुन्दवल्लभ

शनैश्चर की लघुकल्याणी बृहत्कल्याणी (ढैया, साढसाती) का बिचार

बृहत्कल्याणी (साढेसाती) साढे सात वर्ष की होती है, जो जन्मराशि से बारहवीं राशि में शनि के आने पर २॥ वर्ष तक सिरपर (चढती), जन्मराशि में आने पर २॥ वर्ष हृदय पर एवं जन्मराशि से दूसरी राशि में आने पर पैरों पर (उतरती) मानी जाती है।

लघुकल्याणी (ढैया) अढाई वर्ष की होती है, जो जन्म राशि से चौथी एवं आठवीं राशि में शनि के आने पर मानी जाती है।

जिसकी जन्म कुण्डली में चन्द्र शनैश्चर का शुभ ग्रह से सम्बन्ध हो अथवा महादशा वा अन्तर शुभ चल रहा हो तो उसे शनि की साढ़ेसाती व ढैया का अशुभ फल कम होता है। यदि चन्द्र शनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हों तो साढ़साती व ढया महा अशुभ, चिन्ता, धनहानि, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह एवं रोग आदि का कारण बनती हैं। शान्त्यर्थ इष्टदेव के मन्त्र का जप और शनिवार के दिन सप्तधान्य (सतनाजा) को तेल का हाथ लगाकर पक्षियों को डालना चाहिए। महावीर जी पर सिन्दूर तेल चढ़ाना भी अच्छा है।

इस वर्ष वर्षारम्भ से फाल्गुन कृष्ण १ तक शनि धनु राशि में रहेगा। इस अवधि के लिए साढ़ेसाती, ढैया का विचार इस प्रकार है—

— वर्षारम्भ से फाल्गुन कृ. १ तक के लिए —

	साढेसाती			ढैया	
जन्मराशि	वृश्चिक	धनु	मकर	वृष	कन्या
पाद (पाए)	सुवर्ण	ताम्बा	चान्दी	चान्दी	सुवर्ण
स्थान	पैर	हृदय	मस्तक	×	×
फल	अशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ

फाल्गुन कृष्ण २ से शनि मकर राशि में भ्रमण करेगा। अतः फाल्गुन कृष्ण २ से वर्षान्त तक के लिए शनि की साढ़ेसाती, ढैया का विचार नीचे लिखे कोष्ठक में दिया गया है—

— फाल्गुन कृ. २ से वर्षान्त तक के लिए —

	साढेसाती			ढैया	
जन्मराशि	धनु	मकर	कुम्भ	मिथुन	तुला
पाद (पाए)	चान्दी	लोहा	ताम्बा	ताम्बा	सुवर्ण
स्थान	पैर	हृदय	मस्तक	×	×
	शुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ

नजर झाड़ने का मन्त्र

मन्त्र—"ओं नमो सत्यनाम आदेश गुरु को—ओं नमो नजर जहां पर पीर न जानी बोले छल सों अमृतबानी कहो नजर कहां ते आई, यहां की ठौर तोहि कौन बताई, कौन जात तेरो, कहां ठाम, किसकी बेटी, कहा तेरो नाम, कहां से उड़ी, कहां को जाय, अब ही बस कर ले, तेरी माया मेरी बात सुनो चितलाय, जसी होय सुनाऊं आय तेलन तमोलन चहड़ी चमारी कायथनी खतरानी कुम्हारी महतरानी, राजा की रानी जाको दोष ताही के सिर पड़े जाहर पीर नजर से रक्षा करे मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा॥" जिसे नजर लगी हो उसे इस मन्त्र द्वारा मोर के पंख से छाड़ देने से नजर का दोष दूर हो।

दुकान की बिक्री (बिक्रय) बढ़ाने का यन्त्र एवं मन्त्र

यन्त्र

८२४	८२७	८३०	८१६
८२९	८१७	८२३	८२८
८१८	८२३	८२५	८२२
८२६	८२१	८१९	८३१

मन्त्रः—"या अववार्विरिज्कु लफतह दूकान फलां (अपना नाम बोलें) की बसतन फलां (अपना नाम बोलें) की जारी गद्दी व क्वयाफ़ता हो यावासितो॥"

बिधानः—शुक्लपक्ष के पहिले गुरुवार को इस यन्त्र को सात बार अनार की कलम से चन्दन के साथ लिख कर उसका पञ्चोपचार पूजन करे और लोबान को धूप दे। साथ ही ऊपर लिखे मन्त्र को एक सौ आठ बार पढ़े। बाद में लिखे हुए इन सात यन्त्रों को बत्ती बनाकर एक एक करके प्रतिदिन मीठ तेल के साथ लगातार सत दिन दुकान में जलाए। एसा करने स बन्द हुई बिक्री सात ही दिन के भीतर २ जारी हो जाएगा इसमें सन्देह नहीं।

सर्पविषनाशक गारुडास्त्र मन्त्र

ॐ सुपर्णोसि गरुत्मांस्त्रिवृते शिरो गायत्रं चक्षुर्बृहद्रथन्तरे पक्षौ। स्तोम आत्माच्छन्दांस्यङ्गानि यजूंषि नाम। साम ते तनुर्वामदेव्यं यज्ञा यज्ञियम्पुच्छन्धिष्ण्याऽशफा सुपर्णोसि गरुत्मान्दिवं गच्छ स्वः पत ॐ। विधि—यह यजुर्वेद का गारुडास्त्र मंत्र है इस मन्त्र को सूर्य ग्रहण के समय स्पर्श से मोक्ष तक किसी पवित्र नदी के किनारे कम्बल के आसन पर बैठकर सूर्याभिमुख होकर रुद्राक्ष की माला द्वारा जप करे। जप के समय गरुड़ के साथ श्री चतुर्भुजी नारायण का ध्यान करता रहे बस ग्रहण के अनन्तर मंत्र सिद्ध है। तदनन्तर रोजाना सन्ध्या पूजा के समय इस मन्त्र को सात बार जप लिया करे फिर जब किसी को सर्प काटे तो नीम की लकड़ी या पुठकंडा (अपामार्ग) की जड़ से शनैः शनः झाड़े विष दूर होगा।

अथ गारुडोपनिषत्

"ॐ ब्रह्मविद्यां प्रवक्ष्यामि ब्रह्मा नारदाय नारदो बृहत्सेनाय बृहत्सेनो बृहस्पतये बृहस्पतिरिन्द्राय इन्द्रो भरद्वाजाय भरद्वाजो जीवितुकामेभ्यः स्वशिष्येभ्यः प्रायच्छत्, ॐ तत्तंकारी मर्तकारी बिषहारिणी विषदूषिणी विषर्सापिणी विषनाशिनी हतं विषं नष्टं विषं प्रणष्टं विषं हतं ते ब्रह्मणा विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा।"

(शेष पृ० ८ पर)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

—ग्रहण निर्णय (सं. [illegible])—

सं २०१७ में भूमण्डल पर चार ग्रहण (दो चन्द्रमा के एवं दो सूर्य के) होंगे, जिनमें से आश्विन कृ. ३० मं. (२०-२१ सितम्बर) को होने वाला सूर्यग्रहण भारत में नहीं दीखेगा। शेष ग्रहणों का विवरण इस प्रकार है—

(१) खग्रास चूड़ामणि चन्द्रग्रहण, भाद्र. शु. १५ चं. (५ सितम्बर १९६०)– इस ग्रहण के स्पर्श मोक्ष आदि इस प्रकार हैं—

	घं.मि.		
स्पर्श	३।६	दिन	भा. स्टे. टा.
सम्मीलन	४।८		
ग्रहणमध्य	४।५१	,,	
उन्मीलन्	५।३५	सायं	
मोक्ष	६।३७	,,	
पर्वकाल	३।३१		

इस ग्रहण का स्पर्श (प्रारम्भ). सम्मीलन एवं मध्य भारत में कहीं भी नहीं दीखेगा। भारत में चन्द्रमा सर्वत्र (जहां ग्रहण दीखेगा वहां) ग्रस्त ही उदित होगा। चित्र नं. (१) देखिए— इसमें दी गई 'क ख' रेखा के बाईं ओर के प्रदेशों में, यह ग्रहण बिल्कुल नहीं दीखेगा। इस रेखा से दाईं ओर 'च छ' रेखा तक के प्रदेशों में खण्ड ग्रास के रूप में एवं 'च छ' रेखा से दाईं ओर के प्रदेशों में खग्रास के रूप में यह ग्रहण देखा जा सकेगा। समस्त पञ्जाब एवं दिल्ली में यह ग्रहण नहीं दीखेगा। चन्द्रवार को होने के कारण यह चन्द्रग्रहण दान जप आदि की दृष्टि से विशेष महत्त्वशाली है।

सूतक—ग्रहण का सूतक इस दिन प्रातःकाल से ही लग जाएगा।

ग्रहण का राशियों पर प्रभाव—कुम्भ राशि पर होने से यह ग्रहण कुम्भराशि वालों के लिए विशेष अशुभ है। भिन्न-भिन्न राशि वालों के लिए इसका फल इस भान्ति है—

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
ग्रहणफल	लाभ	सफलता	अपमान	रोग	स्त्रीकष्ट	सुख	चिन्ता	नाश	लाभ	हानि	कष्ट	हानि

अन्य फल—पश्चिम देश एवं पर्वतों के निवासियों को कष्ट हो। कलिङ्ग-बंगाल प्रान्त एवं मुस्लिम राष्ट्रों पर आपत्ति आए। उपज अच्छी हो।

(२) **चन्द्रग्रहण**, फाल्गु. शुक्ल १५ गुरुवार (२ मार्च १९६१ ई.)—यह ग्रहण बंगाल, नेपाल, उ. प्र., मध्यभारत, पंजाब, राजस्थान गुजरात एवं दक्षिण भारत में ग्रस्तोदय दिखाई देगा। चित्र नं. (१) में खींची गई 'ट ठ' रेखा से बाईं ओर के प्रदेशों में यह ग्रस्तोदित होगा और इससे दाईं ओर के प्रदेशों में इसका स्पर्श चन्द्रोदय होने के बाद होगा। यह ग्रहण सर्वत्र खण्डग्रास के रूप में ही दिखाई देगा। इसके स्पर्श आदि काल ये हैं—

	घं. मि.		
स्पर्श	५।२०	सायं	भा. स्टे. टा.
मध्य	६।५९	,,	
मोक्ष	८।३८	रात्रि	
पर्वकाल	३।१८		

ग्रहणफल—यह ग्रहण सिंह राशि पर हो रहा है अतः यह सिंह राशि वालों के लिए विशेष अशुभ है। भिन्न-भिन्न राशियों पर इसका फल इस प्रकार है—

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
ग्रहणफल	चिन्ता	[illegible]	[illegible]	हानि	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	अपमान	रोग	स्त्रीकष्ट	[illegible]

अन्यफल—काश्मीर एवं सिन्ध प्रदेश के निवासियों को कष्ट हो। अन्तर्राष्ट्रीय समस्याएं विकट हों। सुगन्धित पदार्थ एवं चावल, चना, तेल का संग्रह करने से आगे लाभ मिले॥

(३) **खण्डग्रास सूर्यग्रहण**, फाल्गु. कृ. ३० बु. (१५ फर. १९६१)—

यह सूर्य ग्रहण दक्षिणी एवं पूर्वी भारत के बहुत से भाग को छोड़कर शेष समस्त भारत में खण्डग्रास के रूप में दीखेगा। चित्र नं. (२) द्वारा किसी भी भारतीय नगर में इस ग्रहण के स्पर्श एवं मोक्ष काल ज्ञात किये जा सकते हैं इस चित्र में दिए गए सभी काल भारतीय स्टे. टा. को बतलाते हैं। चित्र में जहां स्पर्श एवं मोक्ष की रेखाएं नहीं खींची गई हैं, वहां ग्रहण नहीं होगा। चित्र में नीचे दाएं कोने में चित्रित लघु चित्र द्वारा भारत के किसी भी नगर में इस ग्रहण का परमग्रास जाना जा सकता है। ध्यान रहे-ग्रास ज्ञान के लिए यहां रविबिम्ब के व्यास को एक मानना चाहिए।

यहां भारत एवं प्रतिवेशी राष्ट्रों के प्रसिद्ध कुछ नगरों में इस ग्रहण के स्पर्श एवं मोक्ष काल भा. स्टे. टा. में दिए जा रहे हैं—

नगर	स्पर्श	मोक्ष	नगर	स्पर्श	मोक्ष
	घं. मि.	घं. मि.		घं. मि.	घं. मि.
अजमेर	१।४८	३।३२	दिल्ली	१।५३	३।३८
अमृतसर	१।४०	३।४४	नैनीताल	१।५९	३।४०
अम्बाला	१।४८	३।४२	पटना	२।३३	३।२३
अलीगढ़	१।५८	३।३६	पटियाला	१।४६	३।४२
आगरा	२।०	३।३४	प्रयाग	२।२०	३।२६
इन्दौर	२।३	३।१८			
उदयपुर	१।४९	३।२५	बम्बई	२।६	२।५७
कराची	१।२४	३।२६	बीकानेर	१।३९	३।३६
काठमांडू	२।२४	३।३२	भोपाल	२।१०	३।१८
काशी	२।२६	३।२४	मथुरा	१।५६	३।३६
कुरुक्षेत्र	१।४९	३।४१	राजकोट	१।४२	३।१८
ग्वालियर	२।२	३।३२	लखनऊ	२।१०	३।३३
जम्मू	१।३९	३।४५	शिमला	१।४८	३।४४
जयपुर	१।५१	३।३४	श्रीनगर	१।३८	३।४८
जोधपुर	१।४१	३।३२	हरिद्वार	१।५४	३।४२
झांसी	२।७	३।२८			

ग्रहण का राशियों पर प्रभाव—यह ग्रहण भी कुम्भ राशि पर हो रहा है अतः इसका भिन्न-भिन्न राशियों के लिए वही फल है जो भाद्र. शु. १५ चं. (५ सितं. १९६०) को होने वाले चन्द्रग्रहण का है।

अन्यफल—प्रजा में अशान्ति व्याप्त हो। राष्ट्रों में वैमनस्य बढ़े। अन्तर्राष्ट्रीय वातावरण कलुषित बने॥

सूतक—इस ग्रहण का सूतक प्रातःकाल से ही माना जाएगा।

इस ग्रहण की खग्रासरेखा भारत से पश्चिम एवं उत्तर में से निकल रही है। भारत में परमाधिक ग्रास .५० होगा एवं सूर्यबिम्ब [illegible] ही ग्रस्त दीख पड़ेगा

चित्र नं. (१)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

चित्र नं० (१)



अमरीकी मेला

११ दिसम्बर १९५९ से १४ फरवरी १९६० तक होने वाले अमरीकी मेले का मुख्य उद्देश्य भारतीय किसानों को अपने यहां के कृषि के संबंध में मुख्यत: यही बताना है कि वहां के किसान भी शहर वालों की तरह आराम तथा सुख की जिन्दगी क्यों व्यतीत करते हैं। कम मेहनत में आधुनिक वैज्ञानिक उपायों तथा सहकारिता से वे अधिक से अधिक अन्न का उत्पादन करते हैं। नय लोगों के खोज तथा आविष्कारों तथा बजुर्गों के अनुभवों का पूर्ण सदुपयोग करते हैं। वहां की गायें वर्ष में ३०० मन दूध तथा मुर्गियां २५० अण्डे देती हैं। इन सारी वस्तुओं का प्रदर्शन यहां के कुशल व्यक्तियों द्वारा किया जायगा।

वहां के आणविक विभाग में भी परमाणु खेती के लिए कितना उपयोगी यह प्रदर्शित किया जायगा।

अंगविज्जा

मुनि श्री पुण्यविजय जी द्वारा संपादित

डा० मोतीचन्द्र कृत

अंग्रेजी भूमिका और

डा० वासुदेवशरण अग्रवाल कृत

हिन्दी भूमिका सहित— मूल्य २१-००

प्राकृत भाषा के इस प्राचीन ग्रन्थ म शरीर के विविध अंगों के लक्षणों के आधार पर भविष्य कहने की प्रक्रिया का वर्णन है। ग्रन्थ भाषा के अध्येताओं एवं भारतीय सांस्कृतिक अध्ययन की सामग्री की दृष्टि से भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। कुषाण कालीन प्राकृत भाषा का रूप जो व्याकरण के बंधनों से मुक्त थी—वह इस ग्रन्थ में प्रस्तुत है। सांस्कृतिक अध्ययन के लिये बौद्ध ग्रन्थ महाव्युत्पत्ति के समान इसम नाना विषयों की सूचियां दी गई हैं। परिशिष्टों में विविध सूचियों का संग्रह तथा विस्तृत शब्दसूचि दी गई है।

काव्यतत्त्वसमीक्षा

इस अद्भुत ग्रन्थ में मम्मट आदि अनेक अलंकार-शास्त्र के आचार्यों के मतों का वैज्ञानिक ढंग से विवेचन किया गया है। ग्रन्थ सुललित, रोचक तथा सुबोध संस्कृत भाषा में लिखा गया है जिसमें प्राचीन आचार्यों की शैली का लालित्य आभासित होता है। लेखक ने (भगीरथ प्रयत्न करके) प्राचीन अलङ्कार शास्त्र के मूलतत्वों और आधुनिक आलोचना सिद्धान्तों का मौलिक रूप से तुलनात्मक अध्ययन किया है। साथ-साथ पारिभाषिक शब्दों के आंग्ल भाषा में पर्याय भेद भी दे दिये हैं।

बढ़िया कपड़े की जिल्द सहित। मूल्य २०)

मोतीलाल बनारसीदास, बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

चित्र नं. (२)

खण्डग्रास सूर्यग्रहण-फाल्गु. कृ. ३० बुधवार (१५ फर. १९६१ ई.)



(शेषांश पृ० ५ का)

नागानां सर्पाणां वृश्चिकानां लूतानां प्रलूतानां गोधानां गृहगोधानां मूषकाणां स्थावराणां जङ्गमानां यद्यनन्तकदूतस्त्वं यदि वानन्तकः स्वयं यदि वासुकिदूतस्त्वं यदि वा वासुकिः स्वयं यदि तक्षकदूतस्त्वं यदि वा तक्षकः स्वयं यदि कर्कोटकदूतस्त्वं यदि वा कर्कोटकः स्वयं यदि शंखपुलकदूतस्त्वं यदि वा शंखपुलकः स्वयं यदि पद्मकदूतस्त्वं यदि वा पद्मकः स्वयं यदि महापद्मकदूतस्त्वं यदि वा महापद्मकः स्वयं यद्येलापत्रकदूतस्त्वं यदि वा एलापत्रकः स्वयं यदि महेलापत्रकदूतस्त्वं यदि वा महेलापत्रकः स्वयं यदि कम्बलाश्वतरदूतस्त्वं यदि वा कम्बलाश्वतरः स्वयं यदि कालिकदूतस्त्वं यदि वा कालिकः स्वयं यदि कुलिकदूतस्त्वं यदि वा कुलिकः स्वयं । य इमां महाविद्याममावस्यायां शृणुयाद् द्वादशवर्षं न तं दशन्ति सर्पा य इमां महाविद्याममावस्यायामधीयानो धारयेद् यावज्जीवं न तं दशन्ति सर्पा अष्टौ ब्राह्मणान् ग्राहयित्वा तृणेन मोक्षयति भस्मना मोक्षयति शतं ब्राह्मणान् ग्राहयित्वा चक्षुषा मोक्षयति सहस्रं ब्राह्मणान् ग्राहयित्वा मनसा मोक्षयति इत्याह भगवान् ब्रह्मा आह भगवन्ब्रह्मेत्यथर्वणवेदे गारुडोपनिषत् समाप्ता । ओं शान्तिः ३ ॥

इस गारुड़ोपनिषद् को जो मनुष्य अमावस्या को पढ़ता है या श्रवण करता है उसे सर्प भय नहीं होता । जिसे सर्प का भय रहता हो तो उसे चाहिए कि इस उपनिषद् को पवित्र होकर अनार की कलम और लालचन्दन से भूर्जपत्र पर लिख कर त्रिलोह (सुवर्ण चांदी तांबा) के ताबीज में रख कर धारण करे और स्वयं दैनिक स्नानादि से शुद्ध रहे फिर सर्पभय कदापि न होगा ।

शत्रु का किया प्रयोग उल्टा उसी पर पड़ जाए

मन्त्रः—"एक ठों सरसों सोला राई मोरो पटवल को रोजाई खाय खाय पड़े भार जे करे ते मरे उलट विद्या ता ही पर परे शब्द साचा पिंड काचा तो हनूमान का मन्त्र साचा फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा ॥" इस मन्त्र से राई और नमक को अभिमन्त्रित कर आग में डाल देने से शत्रु का प्रयोग उसी पर ही उल्टा पड़ जाएगा ।

सन्तान सुखदाता यंत्र

नीचे लिखे यन्त्र को शुभ नक्षत्र शुभ मुहुर्त में गोरोचन से भोजपत्र पर लिखे, गुग्गल की धूप देकर सोना या चान्दी में मढ़ा वांझ के गले में बांधे तो सन्तान हो । मृतवत्सा के बांधे तो पुत्र चिरंजीव हो

शंकर मातु शंकर पितु

४०	४२	४	५
१	३	४८	४३
४६	४७	५	४
२	७	४७	४४

शंकर राखैं चारों दीपा

पाप के नाश होय

कीर्ति करन लक्ष्मीपति ॥

इस यंत्र को दीपमाला वा शिवरात्रिको १०८वार भोजपत्र पर लिखे पश्चात् धूपदी नैवेद्य से पूजन कर चलते जल म प्रवाह कर दे तब सिद्ध होने पर ठीक तजर्बा लगेगा ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

समृद्धि के लिए आयोजन

हमारे देश में आयोजन का उद्देश्य लोगों का जीवनस्तर ऊंचा करना और सभी उपलब्ध साधनों के समन्वित विकास के द्वारा इस प्रकार जन-कल्याण करना है ताकि अधिक रोज़गार बढ़ें, उत्पादन-क्षमता में वृद्धि हो और लोगों को अधिकाधिक सामाजिक न्याय प्राप्त हो सके। आर्थिक विकास के मार्ग से केवल भौतिक कल्याण में ही वृद्धि नहीं होगी अपितु इससे श्रेष्ठतर बौद्धिक व सांस्कृतिक जीवन के लिए आवश्यक सुख-सुविधायें और वातावरण तैयार किया जाएगा। राष्ट्रीय-आय और रोजगार में वृद्धि करने और आय व धन की विषमता कम करने के उद्देश्यों को मिला कर एक नाम दिया गया है—'समाजवादी ढांचे के समाज की रचना'।

प्रथम पंचवर्षीय योजना (१९५१–५२से १९५५–५६) के द्वारा खाद्य व माल के उत्पादन में वृद्धि हुई, सामाजिक सेवायें श्रेष्ठतर हुई और रोजगार की सुविधाओं में वृद्धि हुई है। सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण बात यह हुई कि इससे और विकास करने के लिए उचित पृष्ठभूमि तैयार हो गयी। द्वितीय पंचवर्षीय योजना (१९५६–५७ से १९६०–६१) के मुख्य उद्देश्य ये हैं:—

१–राष्ट्रीय आय के स्तर में इतनी वृद्धि करना जिससे देश के रहन-सहन का मानदण्ड ऊंचा हो।

२–मूल और भारी उद्योगों के विकास पर विशेष जोर देते हुए देश का तेजी से औद्योगीकरण।

३–रोजगार सम्बन्धी सुविधाओं का अधिक विस्तार और

४–आय और सम्पत्ति की विषमताओं में कमी और आर्थिक शक्ति का पहले से अधिक समान वितरण।

दूसरी योजना में मूलभूत उद्योगों जैसे कि लौह व इस्पात, भारी मशीनें बनाने के उद्योग, कोयला खनन, बिजली और परिवहन के विकास को अधिक महत्त्व दिया जा रहा है। आशा है कृषि में उन्नत ढंग अपनाने से और देहाती व कुटीर उद्योगों का विकास करने से ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक समृद्धि फैलेगी। खाद्य उत्पादन में और अधिक वृद्धि करने के लिए रबी और खरीफ अभियानों द्वारा प्रेरित किया जा रहा है।

योजना की प्रगति

दूसरी योजना के आरंभिक वर्षों में विकास की गति में काफी वृद्धि हुई है औद्योगिक क्षेत्र में, विशेषकर पूंजीगत और उत्पादक माल के उद्योगों में, उल्लेखनीय प्रगति हुई। मशीनों–औजारों व भारी रसायनों आदि का उत्पादन काफी बढ़ा है। कई उपभोग्य और उत्पादक माल तो हमारे देश में प्रथम बार बनाये गये थे।

सरकारी क्षेत्र में जो इस्पात के तीन नये कारखाने बनाये जा रहे हैं उनमें राउड़केला और भिलाई के कारखानों की प्रथम धमन भट्टियों ने कार्य शुरू कर दिया है। दुर्गापुर के कारखाने की प्रथम धमन भट्टी के १९५९ की समाप्ति के पूर्व ही शुरू हो जाने की आशा है।

कृषि क्षेत्र में यद्यपि १९५७–५८ में कृषि उत्पादन अपेक्षाकृत कम रहा, फिर भी सामान्य प्रवृत्ति उत्पादन में निरन्तर वृद्धि की ही ओर रही। १९५८–५९ की उपज ७३० लाख टन् तक पहुंच जाने की आशा है उपज की यह सीमा अब तक के वर्षों में सबसे ऊंची होगी।

इन विभिन्न क्षेत्रों में विकास होने का अर्थ होगा कि अधिक लोगों के लिए रोजगार। अनुमान लगाया गया है कि दूसरी योजना के पहले तीन वर्षों में कृषि के अलावा ३० लाख रोजगारों की और वृद्धि होगी।

उपभोग या खपत के ढांचे में भी परिवर्तन हुए हैं। अब लोग ज्वार–बाजरे जैसे मोटे अनाज की अपेक्षा गेहूं और चावल जैसे अच्छे अनाजों का प्रयोग करने लगे हैं, यह इस बात का सूचक है कि लोगों का जीवन-स्तर उन्नत हो रहा है। सीने की मशीनें, बिजली के लैम्प व पंखे, रेडियोग्राम और साइकिलों जैसी सुविधाजनक वस्तुओं की मांग में भी काफी वृद्धि हुई है।

योजना की सिद्धि—आपकी समृद्धि

इन सब उत्साहवर्धक परिणामों के अतिरिक्त एक और विशेष बात है कि दूसरी पंचवर्षीय योजना के अन्दर 'अपनी सहायता आप करो' और स्वावलम्बन की भावना से प्रगति की समुचित व्यवस्था है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हरेक व्यक्ति योजना की सफलता में रचनात्मक सहयोग दे सकता है और इस प्रकार के प्रयत्नों से उसका निजी लाभ भी होता है। उदाहरण के रूप में दफ्तर का एक कर्मचारी अपना काम तुरन्त निपटा कर और पूरे ध्यान से कार्य करके न केवल अपनी पदोन्नति के अवसरों में वृद्धि करता है, अपितु योजना की सफलता में भी हाथ बटाता है। वह अपने फुरसत के समय को कल्याणकारी क्रिया-कलापों में लगा सकता है। भारत सेवक समाज और टैरीटोरियल आर्मी जैसी संस्थाएं उसके लिए अनेक अवसर प्रदान करती हैं।

विद्यार्थी अपने अध्ययन में पूरा मन लगा कर और फिर पाठ्यक्रम के अतिरिक्त क्रिया-कलापों जैसे कि योजना गोष्ठियों, आक्सिलियरी कैडिट कोर या नेशनल कैडिट कोर में भाग ले कर योजना की पूर्ति में सहयोग दे सकता है। विद्यार्थियों को अपनी छुट्टियां राष्ट्रनिर्माणकारी क्रिया-कलापों में बितानी चाहिएं।

राष्ट्र निर्माण के इस महायज्ञ में गृहिणी के योगदान का भी कम महत्त्व नहीं है। वह अपने घर की व्यवस्था सुचारु रूप से कर के और वस्तुओं की, खास तौर से खाद्य पदार्थों

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

को, बरबादी रोक कर, सुखी परिवार बना सकती हैं। घर के पास एक सब्जियों का बगीचा लगा लेने से भी उसे काफी किफायत होगी। फालतू समय में सिलाई या बुनाई का काम करके परिवार की आय बढ़ाने में सहायता कर सकती है। बच्चों को योग्य नागरिक बनाने का प्रशिक्षण देने की बड़ी जिम्मेदारी उसी की है।

योजना की सफलता में किसानों और औद्योगिक मजदूरों का योग भी इतने ही महत्त्व का है। योजना की पूर्ति के लिए खाद्य उत्पादन और माल उत्पादन में वृद्धि अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। किसान, कृषि के उन्नत तरीके अपना कर और अच्छी खेती के लिए उपलब्ध सभी साधनों का प्रयोग करके अधिक और अच्छी फसल उपजा सकता है। धरती से अधिक उपज होने का अर्थ होगा उसके लिए अधिक आमदनी और राष्ट्र के लिए ज्यादा फायदा।

इसी प्रकार औद्योगिक मज़दूर भी उत्पादन बढ़ाने के लिए भरपूर कोशिश करके अपनी तरक्की के अवसर बढ़ा सकता है। इससे मालिकों की नज़र में वह ऊंचा भी उठेगा।

बचत की आवश्यकता

योजना की सफलता के लिए केवल उत्पादन में वृद्धि ही काफी नहीं है, अपितु सिक्यूरिटियों में अधिकाधिक धन लगाना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। अधिकाधिक धन लगाने के प्रयत्न में दफ्तर के कर्मचारी, विद्यार्थी, गृहिणी, किसान और औद्योगिक मज़दूर सभी कोई सहायता कर सकते हैं। उन्हें केवल उत्पादन बढ़ाने में ही मदद नहीं करनी चाहिए बल्कि अधिकाधिक धन बचा कर उसे भारत सरकार की अल्प बचत सिक्यूरिटियों में लगाकर भी सहयोग देना चाहिए। निसन्देह इससे समृद्धि को निकटतर लाने में सहायता मिलेगी।

अल्प बचत की विभिन्न सिक्यूरिटियां, उन पर लगाये जाने वाली रकम और उन पर मिलने वाला लाभ नीचे दिया गया है।

१२-वर्षीय राष्ट्रीय योजना बचत पत्र

(नेशनल प्लान सेविंग्स सर्टिफिकेट)

लगाने की रकम रुपये	पूर्णावधि पर मिलने वाला मूल्य रुपये नये पैसे
५	८.२५
१०	१६.५०
५०	८२.५०
१००	१६५.००
५००	८२५.००
१,०००	१,६५०.००
५,०००	८,२५०.००

दशवर्षीय राजकोष बचत जमा पत्र

(ट्रेजरी सेविंग्स डिपाजिट सर्टिफिकेट)

इस मद के अन्तर्गत एक व्यक्ति ५० रुपये से लेकर उसकी गुणित राशि जो २५,००० रुपये तक की हो, जमा करवा सकता है। इस पर प्रतिवर्ष ४ प्रतिशत ब्याज मिलता है।

बढ़ने वाली सावधिक जमा योजना

(क्यूम्यूलेटिव टाइम डिपाज़िट स्कीम)

इस योजना के अन्तर्गत आप अपने बच्चों की शिक्षा के लिए या उनके विवाह के लिए या उन्हें जीवन में अच्छे रूप से समारम्भ करवाने के लिए, अपने बुढ़ापे के सुख के लिए, अथवा मकान बनवाने के लिए रुपया इकट्ठा कर सकते हैं। इसके लिए ५ वर्षीय या दश-वर्षीय खाते में ५, १०, २०, ५०, १००, या २०० रुपये प्रति मास नियमित रूप से जमा करवा कर धन इकट्ठा किया जा सकता है। यदि आप १० रुपये प्रति मास जमा करवायें तो पांच वर्ष बाद आपको ६५० रुपये मिलेंगे और १० वर्ष बाद १४५० रुपये मिलेंगे एक व्यक्ति के लिए जमा की सीमा १२,००० रुपये (पंचवर्षीय खाते में २०० रुपये प्रति मास और दश-वर्षीय खाते में १०० रुपये प्रति मास) और दो वयस्कों के संयुक्त खाते के लिए जमा सीमा २४,००० रुपये (पंचवर्षीय खाते के लिए ४०० रुपये प्रति मास और दश-वर्षीय खाते के लिए २०० रुपये प्रति मास) है। इस योजना की विस्तृत जानकारी, बचत बैंक का काम करने वाले किसी डाक-घर से या नागपुर स्थित राष्ट्रीय बचत संगठन से अथवा अपने राज्य के रीजनल नेशनल सेविंग्स अफसर से प्राप्त की जा सकती है।

डाक-घर बचत बैंक खाता

एक व्यक्ति के खाते में १०,००० रुपये और दो व्यक्तियों के संयुक्त खाते म रुपये के बैलेन्स पर २½ प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज जोड़ा जाता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

क्या एक किसान २४ व्यक्तियों के लिए खुराक पैदा कर सकता है ?

उत्तर है .... जी हाँ

अमरीका का प्रत्येक किसान वैज्ञानिक तरीकों, स्वेच्छा सहकार के लाभों और कड़ी मेहनत के द्वारा अपने लिये और २३ दूसरे व्यक्तियों के लिये खुराक पैदा करता है, इनमें से ४ व्यक्ति ऐसे है जो अन्य देशों में रहते है !

अमरीकी खेती बाड़ी को गौरव अपनी बहुतायत पर नहीं है बल्कि इस बात पर है कि इस बहुतायत में बहुत से व्यक्ति हिस्सा बटाते हैं !

हिस्सा बटाने का मतलब ज्ञान और अनाज दोनों में हिस्सा बटाना है ।

नई दिल्ली में ११ दिसम्बर १९५९ से १४ फरवरी १९६० तक होने वाली विश्व कृषि प्रदर्शनी में अमरीकी मेला यानी अमरीकी प्रदर्शनी में पधार कर आप भी हमारे अनुभव से लाभ उठा सकते हैं ।

अमरीका वाले खेती-बाड़ी की अपनी प्राप्तियों को अमरीकी मेले में क्यों दिखाना चाहते है ?

इसलिए कि भारत की तरह अमरीका वाले भी इस बात में विश्वास रखते है कि खाद्य, परिवार, मैत्री और स्वतन्त्रता के चार स्तम्भों पर ही उन्नत जीवन स्तर निर्माण किया जा सकता है ।

अमरीकी मेला अमरीकी कृषि प्रदर्शनी, भारत कृषक समाज की ओर से आयोजित की गई विश्व कृषि प्रदर्शनी में मथुरा रोड, नई दिल्ली (११ दिसम्बर १९५९ से १४ फरवरी १९६० तक)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नाप तौल की मैट्रिक प्रणाली

घर के क्षेत्रफल (हस्तादि लम्बाई चौडाई के गुणन) को आठ से गुणाकर २७ का भाग दे। जो अंक शेष रहे तदनुसार अश्विन्यादि गृह का नक्षत्र जाने। इस नक्षत्र को ८ से भाग देवे। शेषांक तुल्य व्यय जाने। आय से व्यय कम हो तो शुभ अन्यथा अशुभ।

वास्तु भूमि का शुभाशुभ जानना

नई बस्ती में गृह... बनाना हो तो भूमिपूजन पूर्वक शाम को एक हाथ चौड़ा एक हाथ लम्बा एक हाथ गहरा गड्ढा बनाकर उसको जल से भर देवें। प्रातःकाल उसको देखें यदि जलयुक्त हो तो शुभ, निर्जल मध्यम, निर्जल फटा हुआ हो तो अशुभ है।

मकान बनाने के लिये पृथ्वी की शुभाशुभपरीक्षा

मकान की नींव को इतना गहरा खोदे कि जल दीखने लगे अथवा दूसरी मिट्टी जब तक निकले अथवा साढ़े तीन हाथ गहरी खोदे अर्थात् मनुष्य के बराबर खोदे। खोदते समय जो जमीन में पत्थर निकले तो धन आयु की वृद्धि हो और जो गुठली निकले तो धन नाश हो और जो हाड़ राख बाल निकले तो मकान बनाने वाले को व्याधि पीड़ा हो।

गृहारम्भमुहूर्त—वैशा. श्रा. मार्ग. माघ. फाल्गुन और सौर महीने गृहारम्भ में श्रेष्ठ कहे हैं, भाद्रपद और कार्तिक मास मध्यम हैं। २।३।५।६।७।१०।११।१२।१३।१५ और कृष्णपक्ष की प्रतिपदा इन तिथियों में, चं. बु. गु. शु. श. वारों में. रो. मृ. चित्रा ह. स्वा. अनु. उत्तरा ३. ध. श. रे. वेधरहित नक्षत्रों में., २।३।५।६।८।११।१२ लग्नों में पञ्चबाण और भूमिशयन से रहित दिनों में लग्न से केन्द्र त्रिकोण स्थानों में शुभग्रह और ३।६।११ वें स्थान में पापग्रह तथा अष्टम स्थान शुद्ध होने पर गृहारम्भ मुहूर्त शुभ होता है। केवल तृणमय गृहारम्भ में वत्स चक्र व मासादि का विचार नहीं करना।

गृहारम्भे वत्सचक्रम्

सूर्यनक्षत्र से गृहारम्भ-नक्षत्र तक अभिजित् सहित गणना करें।

स्थानानि	न.	फलानि
शीर्षे	३	अग्निदाहः
अ. पादे	४	शून्यमसत्
पृ. पादे	४	स्थिरता
पृष्ठे	३	लक्ष्मीप्राप्तिः
द. कुक्षी	४	लाभःशुभम्
पुच्छे	३	स्वामिनाशः
वामकुक्षौ	४	निर्धनता
मुख	३	पीड़ा असत्

विशेषः—पुष्य. ३ रो. म. आश्ले. पू.षा. इनमें से जिस पर बृहस्पति हो उस नक्षत्र में और बृहस्पति को गृहारम्भ हो तो पुत्र और सम्पत्तिदायक होता है। रो. ह. अ. उफा. चि. इनमें से जिस पर बुध हो उस नक्षत्र में बुधवार को गृहारम्भ हो तो सुख और पुत्र होते हैं वि. अ. चि. ध. श. आर्द्रा इनमें से जिसपर शुक्र हो उस नक्षत्र में और शुक्रवार को गृहारम्भ हो तो धनधान्यदायक होता है।

भूमिप्रसुप्तज्ञानम्—"संक्रांति मिति दिन पांचवें सप्तम नवम जोय। इस इक्कीस २४ में षट् दिन पृथ्वी सोय। तत्रात्यावश्यके क्रमात् ५।१।१।७।६।२।१० एता घटिका भूमिकर्मण्यवश्यं वर्जनीयाः। अन्यच्च सूर्य के नक्षत्र से ५।७।९।१२।१९।२६ इतनी संख्या के नक्षत्रों में पृथ्वी शयन के कारण मकान की नींव, तड़ाग, वापी, कूपादि का खोदना उत्तम नहीं होता।

गृहमध्ये कूपविचारः

मध्य	ई.	पू.	आ.	द.	नै.	प.	उ.	वा.
अर्थहानिः	सुपुष्टिः	सुप्राप्तिः	पुत्रनाशः	स्त्रीनाशः	गृहेशनाशः	संपत्	सुखम्	शत्रुभयम्

अथ चुल्लिचक्रविचार

सूर्य के नक्षत्र से ४ नक्षत्र पीठ के सुखप्रद। ४ मस्तक के मृत्युप्रद। ८ बाहु के सुन्दर-सुख भोगदायक। ५ गर्भ के नाशक। २ भुज के भोगदायक। २ चरण के नाशक। यह चुल्लिचक्र गर्गाचार्य ने कहा है, पण्डित जन विचार करें। उपरोक्त शुभ नक्षत्रों में चुल्हा बनावे तथा इन्हीं शुभ नक्षत्रों में प्रथम अग्नि जलावे।

नूतनगृहप्रवेश मुहूर्त

माघ-फाल्गुन-वैशाख-ज्येष्ठमासेषु शोभनः। प्रवेशो मध्यमो ज्ञेयः सौम्य (मार्ग)-कार्तिकमासयोः॥ (यहां चान्द्रमास लेना) उत्तरा ३. अनु. रो. मृ. चि. रे. इन नक्षत्रों में रिक्तामारहित तिथियों में चं, बृ. श. इन वारों में २।५।८।११ लग्नों में अत्यावश्यके ३।६।९।१२ लग्न में भी, लग्न से १।२।३।५।७।९।१० इन स्थानों में शुभ ग्रह हों ३।६।११ में क्रूर हों, १।६।८।१२ वें चन्द्रमा न हो, चौथा ८ वें स्थान शुद्ध हो, जन्म लग्न या जन्म राशि से ८ वीं राशि लग्न में न हो, चन्द्र तारा शुभ हों और कुम्भ चक्र की भी शुद्धि हो तो आगे गौ कन्या जलपूर्ण पुष्पमाला युक्त कलश शंखध्वनि मंगलगान के साथ दम्पति को गृहप्रवेश शुभ है।

गृहप्रवेश का विशेष मुहूर्त—पुराने अर्थात् जीर्ण या तृण कुटीर अथवा अग्नि-वर्षा इत्यादि के भय से बनवाये हुए नए घर में भी वै. श्रा. का. मार्ग. फा. मास में शत. पुष्य. स्वा. और ध. नक्षत्रों में तथा गुरु शुक्र के अस्त में भी गृहप्रवेश हो सकता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सूर्यराशिवशात् खातज्ञानम्
खाते राहोर्मुखात्पृष्ठदिग्भागः शुभदो भवेत्

राहुमुख	ऐशान्यां	वायव्यां	नैर्ऋत्यां	आग्नेय्यां
देवालयारम्भे सूर्यः	मी. मेष वृष	मि. क. सिंह	कर्क तुला वृश्चिक	धनु मकर कुम्भ
गृहारम्भे सूर्यः	सि. कं. तु.	वृश्चि. ध. मकर	कुम्भ मीन मेष	वृष मिथुन कन्या
जलाशयारम्भे सूर्यः	म. कुं. मी.	मे. वृष मिथुन	कर्क सिंह कन्या	तुला वृश्चिक धनु
खातदिशाज्ञानम्	आग्नेय्यां	ऐशान्यां	वायव्याम्	नैर्ऋत्यां

द्वारशाखाचक्रम्
सूर्यनक्षत्रात्

स्थान.	न.	फलानि
शिरसि	४	श्रीप्राप्तिः
कोण	८	उद्वसनं
शाखा	८	सौख्यम्
देहल्यां	३	गृहशनाशः
मध्ये	४	सौख्यम्

चक्रमिदं विलोक्य सुधिया द्वारं विधेयं शुभम् ॥

गृहप्रवेशे कुम्भचक्रम्
सूर्यभात्

५	८	८	६
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ

कूप तालाब और बावड़ी खुदवाने का मुहूर्त—अनु. ह. तीनों. उ, रो. ध. श. म. पू.षा. रे. पुष्य. मृ. नक्षत्र हों वा चन्द्रमा मकर के उत्तरार्ध, मीन या कर्क में हो, लग्न में बुध या गुरु हों, शुक्र १० वें स्थान में हो और पापग्रह निर्बल हों तो शुभ है। यदि २।१०।४।११।१२ लग्न हों तो अत्युत्तम है।

सूर्यनक्षत्रात्कूपचक्रम्

ईशान ३ क्षार जल	पूर्व ३ खण्डितजल	आग्ने. ३ सुजल
उत्तर ३ उत्तम जल	मध्य ३ स्वादु तथा शीघ्रजल	दक्षिण ३ निर्जल
वायव्य ३ मिश्रितजल	पश्चिम ३ जल	नैर्ऋत्य ३ अमृत जल

गणनाक्रम—मध्यपूर्व आग्नेय दक्षिणादिक्रमेण बोध्यम्

सूर्यभात्तडागचक्रम्

ई. २. जलनाश	पूर्व २ शोक	आ. २ जलाधिक्य
उ. २ अमृत जल	मध्य ५ बहुजल	द. २ जलनाश
वा. २ जलनाश	प. २ बहुजल	नै. २ अमृतजल

अवशिष्टानि ६ नक्षत्राणि 'वारिवाह' संज्ञकानि सन्ति तत्फलम्—वारिवाहे वारिहानिः। गणनाक्रम—पूर्व आग्नेय द० नै० प० वा० उ० ई० मध्ये वारिवाहः।

रोहिणीभात् वापीचक्रम्

ईशान अ. भ. कृ. मध्यजल	पूर्व पुन. पु. श्ले. जलाभाव	आग्नेय म. पूफा. उषा. मध्यजलम्
उत्तर पूभा. उभा. रे. मिष्टजलम्	मध्य रो. मृ. आर्द्रा शीघ्रजलम्	दक्षिण ह. चि. स्वा. जलाभाव
वायव्य श्र. ध. श. क्षारजलम्	पश्चिम मू. पू. उषा. अमृतजलम्	नैर्ऋत्य वि. अनु. ज्ये बहुजलम्

जलाशयारामदेवप्रतिष्ठामुहूर्तं :—

देवतारामवाप्यादिप्रतिष्ठामुत्तरायणे।
माघादिपञ्चमासेषु कृष्णेऽप्यापञ्चमीदिने ॥
मातृभैरववाराहनारसिंहत्रिविक्रमाः।
महिषासुरहंत्री च स्थाप्या वै दक्षिणायने।

अश्वि० रो० मृ० पुष्य, ह० चि० स्वा० अनु० श्र० ध० श० उत्तरा० ३. रे० एषु भेषु कुजशनिर्वजितवारेषु २। ३ । ५ । ७ । ८ १०।११।१२।१३ एतत्तिथौ शुक्ले १ । २ । ३। ५ तिथिषु कृष्ण, गुरुशुक्रयोः नीचनिर्बलास्तादिरहितकाले, कर्तुः सूर्यचन्द्रतारानुकूल्ये सति जन्मलग्नयोरष्टमराशिलग्नरहिते स्थिर-(२।५।८।११) लग्नेषु लग्नात् १।४।७।१०।९।५।२।११ स्थानेषु शुभैः, ६ । ११ सेन्दुभिः पापैः पूर्वाह्ण देवप्रतिष्ठा कार्या।

देवताविशेषेण लग्नम्—सिंहे सूर्यो शिवो द्वन्द्वे लग्ने स्थाप्यः स्त्रियां हरिः। कुम्भे वेधाश्वरे क्षुद्राद्यं ददेव्यः स्थिरेऽखिलाः। यस्य देवस्य यत्तिथिवारनक्षत्रादिकं तद्दिने यदि तस्य प्रतिष्ठा मुहूर्तो भवेत्तदा अत्युत्तमः।

वास्तुशान्तिमुहूर्तः—श्र० ध० मृ० मू. अनु० रे० ह० चि० स्वा० उत्तरा ३. पुन. पु. रो० अश्वि० एषु भेषु शुभेऽह्नि सत्तिथौ बलिदानपुरस्सरं वास्त्वर्चनं कार्यम्।

अग्नि का वास किस लोक में है—जिस दिन हवन करना हो उस दिन तिथि और वार की संख्या जोड़कर एक और जोड़ना पनः ४ का भाग देना यदि पूरा भाग लग जाय (० शेष रहे) अथवा तीन शेष रहे तब अग्नि का वास पृथ्वी पर सुखकारक होता है, शेष १ बचने पर आकाश में प्राण हानिकारक, शेष २ बचने पर पाताल में धनहानि करता है। तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से, वार गणना रविवार से करनी। इसक बाद आहुतिचक्र जरूर देखिए।

ग्रहमुखे होमाहुतिज्ञानाय चक्रम्
(सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनना)

सू०	बु०	शु०	श०	चं०	मं०	गु०	रा०	के०	ग्रहाः
३	३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
नेष्ट	श्रेष्ठ	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	नेष्ट	फलम्

विशेषः—यात्रा विवाहव्रतगोचरेषु चौलोपनीताद्यखिलव्रतेषु। दुर्गाविधानेषु सुतप्रसूतौ नैवाग्निचक्रं परिचिन्तनीयम्। महारुद्रे व्रतेऽमायां ग्रस्तेन्द्वर्कास्तराहुणा। नित्यनैमित्तिके कार्ये अग्निचक्रं न दर्शयेत। दिग्दाहेप्यथवा घोर ग्रहास्ते भूमिकम्पने। कतूनामुदये शान्तौ चक्रं यत्नेन चिन्तयेत् ॥ लक्षकोटिहवने मखेऽखिले चातिरुद्रकरणे महाविधौ। देवखातभवने सुरालये अग्निचक्रमवलोकयेत्सुधी ॥ दुर्गभंगे गृहे वाऽपि विवादे शत्रुविग्रहे। शान्तिकर्म नृपक्रोधे चक्रं तत्र निरीक्ष्यते ॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

...या उवार प्रक्षणीय कुम्भिके । आवना प्रतिमा कु...
...मधुरत्नाचरचिता प्रतिमां ततः । कुण्डे निधाय सम्पूज्य तत्र होमो विधीयते ॥

अथ ऋणी-धनी विचारः—स्ववर्गद्विगुणां कृत्वा परवर्गेण योजयेत् । अष्टभिश्च हरेद् भागं योऽधिकः स ऋणी भवेत् ॥

यथा—अपने वर्ग को दूना कर दूसरे वर्ग को जोड़ना फिर ८ का भाग देना । फिर दूसरे का वर्ग दुगना करके अपना वर्ग जोड़ना फिर ८ का भाग देना ; जिसका भाग शेषांक अधिक बचे वह ही कम बचने वाले का ऋणी जानना ।

हलप्रवहणमुहूर्त—मृ. रे. चि. अनु. रो. उत्तरा. ३. ह. अश्वि. पुष्य. अभि. स्वा. पु. श्र. ध. श. मू. म. वि. एषु भेषु रिक्तामाषष्ठयष्टमीरहितसत्तियौ शुभग्रहस्य वासरे, १।५।७।१०।११ लग्नेषु भूमिशयनभद्रादीन् वर्जयित्वा हलचक्रशुद्धौ सत्यां हलप्रवहणं शुभम् ।

हलचक्रम् सूर्यभुक्तनक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनें					बीजवपने राहुचक्रम् राहुनक्षत्रात् दिनभं यावत् गणना कार्या								
३	८	९	८	नक्षत्र	८	३	१	३	१	३	१	३	४
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	फलम्	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ

बीजवपने मुहूर्तः—ह. अश्वि. पुष्य. उत्तरा ३. चि. अनु. म. रे. स्वा. ध. म. मू. एषु भेषु सत्तिथौ भौमातिरिक्तवारेषु सुशकुने राहुचक्रशुद्धौ सत्यां शुभः ।

विशेषः—रवौ रौद्रा (आर्द्रा)—द्यपादस्थे यदि संजायते रजः ।
तस्माद्दिनत्रयं तत्तु बीजवापे परित्यजेत् ॥

नवान्नभक्षणमुहूर्तः—मृ. र. चि. अनु. ह. अश्वि. पुष्य. अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. विषघटी रहित नक्षत्रों में शुभ है ; नन्दा रिक्तातिथियों और पौष चैत्र को छोड़कर सू. बु. गु. शुक्रवार शुभ हैं ।

गौ आदि पशु लेने का मुहूर्त—अश्वि. पुन. पु. ह. वि. ज्ये. धनि. शत. र. नक्षत्र में गौ लेना बेचना । अन्य पशु पुन. पूर्वा ३. ह. अनु. ज्ये. मृ. धनि.. रे. में लेना बेचना शुभ है । गाय लेनी हो तो उ. फा. से दिन नक्षत्र तक गिने, ३ तक लाभदायक, ५ तक हानि, ११ तक अर्थलाभ, १६ तक सुख, २२ तक महालाभ, २३ तक वृद्धि, २७ तक भय होता है । वृषभ (बैल) लेना हो तो ६ नक्षत्र लाभदायक फिर दो दो के क्रम से गाय के समान फल जानो । महिषी (भैंस) लेनी हो तो भी गौनक्षत्रगणना क्रमसे शुभाशुभ-फल सूर्य नक्षत्र तक गिनें (नौमी चौदस चौथ चौपाया । मंगल हानि करे घर आया)

सूर्यनक्षत्रात्मकाष्टादि (गुहारा आदि) संस्थापनचक्रम्

६	२	४	४	४	४	४	नक्षत्र संख्या
उत्तमपाक शुभ	शवदहन नेष्ट	सर्पभय नष्ट	मित्रलाभ शुभ	रोगभय नष्ट	क्वाथकर्म नेष्ट	सुख शुभ	फलम्

...ह. चि. अनु. उत्तरा ३. रो. ह. पुष्य, अश्वि. श. मृ. वि. नक्षत्रों में रिक्तारहित शुभ तिथियों में और चं. बु. वृ. शुक्रवार हों, शुक्लपक्ष में ४।१।११।१२ लग्न में शुभ है । तृणकाष्ठादिसंग्रह निषेधः—तृण काष्ठ का सञ्चय और पलंग बुनवाना आदि कर्म कुम्भ, मीन के चन्द्रमा में नहीं करना चाहिए ।

औषध का मुहूर्त–ह. अ. पुष्य. अभि. मृ. र. चि. अनु. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मूल, जन्मनक्षत्र को छोड़कर इन नक्षत्रों में ४।९।१४ को छोड़कर शुभ तिथियों में, भौम शनि को छोड़कर अन्यवारों में शुभ है ।

अथ यात्रा मुहूर्तः—

ह. म. श्र. अश्वि. पुष्य. पुन ध. अनु. रे. एषु भेषु यात्रा अत्युत्तमा ; रो. उत्तरा ३. पूर्वा ३. एषु भेषु मध्या ; भ. कृ. आर्द्रा, आश्ले. म. चि. स्वा. वि. ज्ये. एषु भेषु निन्द्या । तत्रात्यावश्यकत्वेऽपि यात्रायां भरण्यादिभानां क्रमात् ७।२१।१४।१४।११।४०।१४।१४।१४ एता घटिका गमनकर्मण्यवश्यं वर्जनीयाः, २।३।५।७।१०।११।१२ कृष्णपक्षस्य प्रतिपत्सु द्विग्द्वारलग्नेषु वा यात्रा शुभा ।

दिग्द्वारलग्नानि

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	दिशा
१।५।९	२।६।१०	३।७।११	४।८।१२	शुभम्
२।६।१०	३।७।११	४।८।११	१।५।९	मध्यम
४।८।१२	१।५।९	२।६।१०	३।७।११	भयम्
१ १	४।८।१२	१।५।९	२।६।१०	म० भ०

यात्रा में शुभाशुभ लग्न–जन्मलग्न और जन्म राशि से अष्टमलग्न तथा कुम्भ या कुम्भ के नवांक में यात्रा कदापि न करे । शुभ लग्न वह है जब १।४।५।७।९।१० स्थानों में शुभ ग्रह और ३।६।१०।११ वें पापग्रह हों । अशुभ लग्न वह है जब १।६।८।१२ वें चन्द्रमा १० वें शनि, ६ वें शुक्र, १२।६।८वें लग्नेश हों । अन्यच्च यात्रायामष्टमं शुद्धं विवाहे सप्तमं तथा । दशमं तु गृहारम्भे चतुर्थं तु प्रवेशने ॥

जन्म लग्नेश दशमेश अस्त हों वा मारक दशा हो तो सुमुहूर्त में भी दूर की यात्रा न करे, प्रथम तीर्थ-यात्रा वा देवदर्शन गुरुशुक्रास्त में वर्जित है ।

दिक्शूलज्ञानायचक्रम्									नक्षत्रशूलचक्रम्			
पूर्व	आ.	दक्षि.	नैऋ.	पश्चि	वाय.	उत्तर.	ईशा.	दिशा	पू.	द.	प	उ
चं. श.	चं.बु.	गुरु	सू.शु.	सू. शु.	भौम	मं.	बु. गु.	वार:	ज्ये.	पू. भा.	रोहि.	उ.फा

दिक्शूलपरिहार :—न वारदोषाः प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्यदैत्यज्यदिवाकराणाम् । दिवा शशांकार्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधवारदोषः ॥१॥ सूर्यवारे घृतं प्राश्यं चन्द्रवारे पयस्तथा । गुडमंगारके वारे बुधवारे तिलानपि । गुरुवारे दधि प्राश्यं शुक्रवारे यवानपि । माषान्भक्त्वा शनिवारे शूले गच्छन्न दोषभाक् ॥२॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यात्रा में कालज्ञान

शनौ	पूर्वे
शुक्रे	आग्नेय्यां
गुरौ	दक्षिणे
बुधे	नैर्ऋत्ये
भौमे	पश्चिमे
चन्द्रे	वायव्ये
रवौ	उत्तरे

सम्मुखे नेष्ट

योगिनीवासचक्रम

पू०	अग्नि०	दक्षि०	नैर्ऋ०	पश्चिम	वाय०	उत्तरे	ईशा०	दिशा
१।९	३।११	५।१३	४।१२	६।१४	७।१५	२।१०	८।३०	तिथि

योगिनी साधारण यात्रा में सामने और दाहिने अशुभ होती है, पीछे और बांये की शुभ, युद्ध यात्रा की बांयें ओर की और सम्मुख की विशेष त्याज्य है। समयशूल उषा काल में पूर्व को, गोधूलि में पश्चिम को, अर्द्ध रात्रि में उत्तर को और मध्याह्नकाल में दक्षिण को नही जाना चाहिए। गर्गगुरु अङ्गिरामुहूर्त—गर्ग जी के मत से ५ या ४ घड़ी रात रहे गमन करे। बृहस्पति के मत से अच्छा शकुन मिलने पर यात्रा करे। अङ्गिरा के मत से जब मन प्रफुल्लित हो तब ही चला जाय। भगवान् के मत से ब्राह्मण की आज्ञा लेकर यात्रा करने से शुभ होता है। पञ्च पञ्च (५५) उषाकालः सप्तपञ्च (५७) अरुणोदयः। अष्टपञ्च (५८) भवेत्प्रात शेषं सूर्योदयो भवेत् ॥

चन्द्रवासचक्रम्

पूर्वे	दक्षि.	पश्चि.	उत्तरे
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

एकस्मिन् राशौ आवश्यक-षट्यात्मकचन्द्रवासचक्रम्

पू.	द०.	प०	उ०	पू०	द०	प०	उ०	दिशा
१७	१५	२१	१६	१७	१५	२०	१४	घटी

षट्यात्मक चन्द्रवास जिस दिशा का चन्द्र होवे उस दिशा से गिनना चाहिये।

कुम्भ और मीन के चन्द्रमा में दक्षिण को कदापि न जावे।

चन्द्रफलम्—सम्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुखसम्पदः। पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः ॥१॥ सर्वे दोषा लयं यान्ति पूर्णचंद्रे हि सम्मुखे ॥इति॥ सम्मुखे चन्द्रप्रशंसा—करण-भगणदोषं, वारसंक्रान्ति-दोषं, कुतिथिकुलिकदोषं यामयायार्द्धदोषम्। कुजशनिरविदोषं राहुकेत्वादिदोषं हरति सकलदोषं चन्द्रमा सम्मुखस्थः ॥

सर्वाङ्कसिद्धियोगः—शुक्लादि तिथि वार की संख्या के जोड़ को तीन जगह रख क्रमशः ७।८।३ का भाग दे। शेष प्रथम स्थान में शून्य हो तो क्लेश, मध्य में हो तो धनक्षति और अन्त में हो तो मृत्यु होती है। सर्वत्र अंक आने से सौख्य जय लाभ हो। विजयादशमी को बिना सर्वांकादि मुहूर्तों के भी यात्रा सफल होती है। बायां स्वर चलते समय पूर्व व ईशान को, दायां चलते समय दक्षिण व नैर्ऋत को मत जाओ, हानि होती है। जाने वाले का अच्छे मुहूर्त और अच्छे शकुन में भी जाने को मन न चाहे तो कदापि न जावे, क्योंकि मुहूर्त शकुन से मन की इच्छा प्रबल है।

वर्णक्रमेण प्रस्थानविधानम्—यदि यात्रा मुहूर्त किसी अत्यावश्यक कार्यवश विलम्ब हो जाय तो उसी मुहूर्त में ब्राह्मण जनेऊ माला, क्षत्रिय शस्त्र, वैश्य मधु घृत व रुपया और शूद्र फल को अपने वस्त्र में बांध किसी घर के या नगर के बाहर जाने की दिशा में प्रस्थान से पूर्व रक्खे। अथवा मन की सबसे प्यारी वस्तु को रख देना चाहिए।

हजामत, तीन दिन पूर्व तैल, सात दिन पूर्व मैथुन, समर्थ न हो तो एक दिन पहले तो सब त्याज्य वस्तुओं का त्याग अवश्य करे।

दिने चतुर्घटिकामुहूर्तम्

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध.	बृह.	शुक्र	शनि
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल

रात्रौ चतुर्घटिकामुहूर्तम्

घटा	सू.	च.	म.	बु.	गु.	शु.	श.
३॥	शु.	चं..	का	उ.	अ.	रो.	ल.
७॥	अ.	रो.	ला.	शु.	चं.	का	उ.
११।	चं.	का	उ.	अ.	रो.	ला.	शु.
१५	रो.	ला.	शु.	चं.	का.	उ.	अ.
१८॥	का.	उ.	अ.	रो.	ला.	शु.	च.
२२॥	ला.	शु.	चं.	का	उ.	अ.	रो.
२६।	उ.	अ.	रो.	ला.	शु.	ज.	का.
३०	श.	चं	का.	उ.	अ.	रो.	ल.

सूचना—यदि ३० घटी से न्यूनाधिक दिन या रात्रि का मान हो तो उसमें ८ का भाग देने से एक भाग के घटी फल ज्ञात होंगे।

यात्रायां शुभशकुनानि—मृग बांये दाहिने जो आवे तत्काल। अन धन लक्ष्मी बहु मिले चलते प्रातःकाल ॥ विप्र, दो अश्व, गजमद, फल, अन्न, दुग्ध, गोदधि, सर्षप, कमल निर्मल वस्त्र, वाद्य, वेश्या, मयूर, नकुल, सिंहासन, शस्त्र, मांस, दीप्ताग्नि, मत्स्य, ससुतस्त्री, गोरी कन्या, धोबी, कार्यसिद्धि वाक्य, सजलपूर्णघट, यात्रा पश्चाद्रिक्त घट, यात्रा समय देखने में शुभ हैं। **अशुभशकुनानि**—वन्ध्या स्त्री, चर्म, अस्थि, इन्धन, संन्यासी, भैंसों का युद्ध, सर्प, शत्रु, मार्जार युद्ध, कुटुम्बकलि, विधवा, जातिभ्रष्ट, अंगहीन, छिक्का, दुष्ट-वाणी, यात्रा समय देखना अशुभ तथा कष्टप्रद है।

रामदैवज्ञोक्तम् आवश्यके यात्रामुहूर्तचक्रम्

पो०	मा.	फा.	चै.	वै.	ज्ये	आ.	श्रा.	भा.	आ.	का.	मा.	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सौख्य	क्लेश	भीति	लाभ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	शून्य	दारिद्रय	दारिद्रय	मिश्र
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	हानि	दुःख	लाभ	लाभ
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	लाभ	सौख्य	शुभ	लाभ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	लाभ	लाभ	कष्ट	सौख्य
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	भय	लाभ	मृत्यु	लाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	लाभ	कष्ट	लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कष्ट	सौख्य	क्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	सौख्य	लाभ	सिद्धि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	क्लेश	सिद्धि	लाभ	धन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	मृत्यु	लाभ	लाभ	शुभ

तृतीया-त्रयोदशी, चतुर्थी-चतुर्दशी, पञ्चमी-पूर्णमासी का फल समान जानना।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

तृतीया-त्रयोदशी चतुर्थी-चतुर्दशी, पञ्चमी-पूर्णमासी का फल समान जानना, अ॰.वस्या में यात्रा वर्जित है, पक्ष का विचार नहीं है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पांव आगे उठाकर चले, इसी तरह सवारी पर चढ़े, कार्य सिद्धि, यात्रा सफल होगी।

नौका यात्रामुहूर्त—चि. ह. पु. मृ. पूर्वा ३. अनु. श्र. ध. एषु भेषु सत्तिथौ शुभेऽह्नि चन्द्र-तारानुकूल्ये सति शुभः।

यात्रानिवृत्तौ प्रवेशमुहूर्तः—मृ. रे. अनु. रो. उ. ३. ह. अ. पुष्य. स्वा. श्र. ध. एषु भेषु चं. बु. वृ. शु. श. वारेषु १।२। ३।५।७।१०।११।१३ तिथिषु, ३।५।३।८।९।११।१२ एषु लग्नेषु, १।४।७।१०।५।९ स्थानेषु शुभैः ३।६।११ स्थानेषु पापैः ४।८ शुद्धौ शुभः; वि. कृ. पू ३. भ. म. मू. ज्ये. आर्द्रा. आश्ले. नक्षत्राणि ; ४।९।१४।६। १२।८।३० तिथयः सू. मं. वारौ. १।४।७।१० लग्नानि सर्वदा वर्जनीयानि। मंगल को मिलाप कष्टप्रद सिद्ध होता है—विशेषः—प्रवेशान्निर्गमश्चैव निर्गमाच्च प्रवेशनम्। नवमे जातु नो कुर्याद्दिने वारे तिथाविति।

अथ घातचन्द्रवारादीनां चक्रम्

म.	व.	मि.	क.	सि	क.	त	वृ.	ध.	म.	कु.	मी	राशया
म.	क.	कु.	मि.	म.	सि.	ध.	वृष.	मिथुन	सिंह	ध.	कुम्भ	घातचन्द्र
र.	श.	च.	बु.	श.	श.	बृ.	शु.	शु.	मं.	वृष.	शु.	घातवार
म.	ह.	स्वा	अनु.	मू.	श्र.	श.	रे	भ.	रो.	आ.	श्लेषा	घातनक्षत्र
मे.	व.	ध.	मि	वृश्चि	वृश्चि.	मी.	ध.	कन्या	वृश्चि	मि.	मेष.	चन्द्रघात
का.	मा	पौ.	मा.	फा.	चैत्र	वै.	ज्ये.	आ.	श्राव.	भा.	आ.	घातमास
वि.	सु.	प.	धृ.	प्री.	सु.	शूं	वृष.	वै.	गं	व्या.	वै.	घातयोग
१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	३१	३	५	घातलग्न
१	५	२	२	३	५	४	१	३	४	३	५	घाततिथि
६	१०	७	७	८	१०	९	३	८	९	८	१०	
११	१५	१२	१२	१३	१५	१४	११	१३	१४	१३	१५	

युद्ध, विवाद, राजसेवा, वाहन रोगादि कार्यों में घातचक्र देखना और तीर्थयात्रा तथा विवाहादि शुभ कार्यों में घाततिथि आदि देखने की आवश्यकता नहीं है। 'घाततिथिर्घातवारघातनक्षत्रमेव च। यात्रायां वर्जयेत्प्राज्ञस्त्वन्यकर्मसु शोभनम्।'

वाम दक्षिण निर्देश

अग्रे चक्रोक्त सर्व फल पुरुषों के दक्षिण अंग में और स्त्रियों के वामांग में विचार करना, पुरुषों के वाम भाग में और स्त्रियों के दक्षिण भाग में विपरीत अशुभ भयकारी फल होता है। जो फल पल्लीपात का कहा वह ही सरट (गिरगट) के चढ़ने का जाने। सरट के गिरने का तथा पल्ली के चढ़ने का फल तथा होता है।

अथांगविभागे पल्ली-(छिपकली, कोड़किरली) पतनफलम्

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
शिरसि	राज्यलाभः	भ्रूमध्ये	राज्यसंबंधः	वामपादे	नाशः
नासाग्रे	व्याधिः	वामकर्णे	बहुलाभः	अधरोष्ठे	ऐश्वर्यलाभः
वामभुजे	राज्यभयम्	स्तनयोः	दौर्भाग्यम्	दक्षिणभुजे	नृपतुल्यता
जानुद्वये	शुभागमः	हस्तयोः	वस्त्रलाभः	पृष्ठदेशे	बुद्धिनाशः
कटिभागे	अश्वलाभः	वा मणिबंधे	कीर्तिनाशः	नाभौ	बहुधनम्
गुल्फद्वये	बन्धनम्	दक्षिणपादे	गमनम्	मुखे	मिष्टान्नभोजनम्
ललाटे	बन्धुदर्शनम्	उत्तरोष्ठे	धननाशः	पादमध्ये	स्त्रीनाशः
दक्षिणकर्णे	आयुर्वृद्धिः	नेत्रयोः	धनप्राप्तिः	पादान्ते	मृत्युः
कण्ठे	शत्रुनाशः	उदरे	भूषणलाभः	केशान्ते	रणम्
जंघयोः	शुभम्	स्कन्धयोः	विजयः	नखेषु	धान्यलाभः
द. मणिबंधे	मनस्तापः	हृदये	धनलाभः	दक्षांगुष्ठे	धनलाभः

पल्लीपतने प्रशस्तवारतिथ्यृक्षाणि—यदि छिपकली १।२।३।५।६।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में गिरे तो श्रेष्ठ फलदायक है। तथा चं. बु. गु. शु. इन वारों में भी शुभ फल देती है। पु. अश्विनी, रो. मृ. पुन. उफा. ह. चि. स्वा. ध. रे. अनु. श. य नक्षत्र शुभ फलदायक हैं। अतोऽन्येषु भेषु निन्द्याः।

पल्लीपाते कर्तव्यकर्म—पल्ली (किरली) तथा सरट (गिरगट) स्पर्श होने पर वस्त्र सहित स्नान करे। जन्म नक्षत्र, मृत्युयोग, दग्ध दिन भद्रा आदि से दूषित दिन को पापग्रहयुक्तलग्न में तथा अष्टमचन्द्रमा से पल्ली आदि के स्पर्श होने से अरिष्ट होता है। उसकी शान्ति के लिए जप, होम, मृत्युञ्जय का जप वा तिल-स्वर्ण दान पञ्चगव्य से स्नान तथा घृत का छायापात्र दान करना भी उत्तम है।

छिक्काफलम्—छिक्का प्रायः सब दिशाओं की नेष्ट होती है, गौ की छिक्का मरण करती है। मदिरा के योग अथवा—छींक सूँघनी छल कर लीन्हीं, पीनस सरदी घास फल होनी। छींकि पीठि की कुशल उचारे; बाईं कारज सबै सवारे ॥१॥ सन्मुख छींक लड़ाई भारे; छींक दाहिनी द्रव्य विनाशै ॥२॥ ऊंची छींक कहे जय कारी; नीची छींक होय भयकारी। अपनी छींक महा दुखदाई; ऐसे छींक विचारो भाई ॥३॥ कन्या विधवा मालन धोवन धोबिन रजस्वला वैश्या चमारी की छींक विशेष अशुभप्रद होती है। भोजनान्त में छींक होय तो दूसरे दिन प्रिय भोजन मिले।

अथ शुभ छिक्का—आसने शयने शौचे दाने चैव तु भोजने। वामांगे पृष्ठतश्चैव षट् छिक्कास्तु शुभावहाः। एक नाक दो छींक; काम बने सब ठीक ॥

तीर्थ में मुण्डन विचार—मुण्डनं चोपवासञ्च सर्वतीर्थेष्वयं विधिः, वर्जयित्वा कुरुक्षेत्रे विशालां (उज्जयिनी) गिरिजां गयाम्।

हर प्रकार की पुस्तकें—मिलने का पता:—
मोतीलाल बनारसीदास, बैंग्लो रोड, जवाहरनगर देहली-६

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अंगस्फुरणफलम्

पुरुषों का दायां अंग और स्त्रियों का बायां अंग फरकना शुभ है ।

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
मस्तक	पृथ्वीलाभ	वक्षःस्थल	विजय	ओष्ठ	प्रियवस्तु
ललाट	स्थानलाभ	हृदय	इष्टसिद्धि	हनु	महाभाग
स्कन्ध	भोगसमृद्धि	कटि	प्रमाद	कण्ठ	ऐश्वर्यलाभ
भ्रूमध्य	सुखप्राप्ति	कटिपार्श्व	प्रीति	ग्रीवाधः	शत्रुभय
भ्रूयुग्म	महत्सौख्य	नाभि	स्त्रीनाश	पृष्ठ	पराजय
कपोल	शुभाप्ति	आंत्रिक	कोष्ठवृद्धि		मित्रप्राप्ति
नेत्र	धनाप्ति	भग	पतिप्राप्ति	भुज	मधुरभोजन
नेत्रकोण	लक्ष्मीलाभ	कुक्षि	सुप्रीति	भुजमध्य	धनागम
नेत्रसमीप	प्रियसंगम	उदर	कोषलाभ	वस्तिदेश	अभ्युदय
नेत्रपक्ष्म	राज्यलाभ	लिंग	स्त्रीलाभ	उरु	वस्त्रलाभ
हस्त	सद्द्रव्यलाभ	गुदा	वाहनलाभ	जानु	शत्रुवृद्धि
नेत्रोर्ध्व	विजय	वृषण	पुत्रलाभ	जंघा	स्वामीप्रीति
पादोपरि	स्थानलाभ	पादतल	नपत्वबृद्धि		

इन्हीं अंगों में तिल लसन मस्सा हो वा खुजली उठे तो भी चक्रोक्त फल जानना । पैर के तलुओं में खुजली उठे तो यात्रा हो । राजाओं के हाथ में तिल या खाज हो तो जय होती है । साधारण व्यक्ति को लाभ होता है ।

उत्पातफलचक्रम्

उत्पात	फल	उत्पात	फल	उत्पात	फल
दिग्दाह	वर्षा न हो	भूकम्प	प्रजा को भय	सर्वग्रहअतिचार	शुभ फल
धूल वर्षे	दुर्भिक्ष पड़े	पहाड़ टूटे	राजा की मृत्यु	मूसल निकले	युद्धमहर्घता
पत्थर वर्षे	अकाल हो	वृक्ष टूटे	राजा को भय	धूम्रकेतु उदय	राजभंग करे
तारे टूटें	जनक्षय	उलटी ऋतु	रोग विशेष	२।३।४ शूलोद	राजनाश
बिजली टूटे	जल सूखे	आदमी के पशु हो	राजविघ्न	सुवर्ण पंक्ति	राजनाश
दिनअंधेरा	प्रजाक्षय	गृहयुद्ध	राजाओंमेंविग्रह	त्रिकोणतारा	प्रजानाश
ग्रहसंयुति	अकाल	सूर्यचंद्र मंद पड़े	देश क्षय	वन्यपशुगांवबसे	मनु. शून्य हो
श्वेतमण्डल	भय हो	कृष्णमंडल	राज्य नाश	घर उल्लू बोले	गृह शून्य हो
पीतमंडल	रोग हो	धूम्र मंडल	बर्फ पत्थर पड़े	बांकी कबूतर-	गृहस्वा. नाश
नीलमंडल	वर्षा हो	बिना ऋतु फल	अन्न नाश	घर में बसे	
रक्तमंडल	युद्ध हो	सूखीभूमिगीली	बहुत वर्षा	सू. चं. बिम्ब	रोगभय
स्त्री बध हो	दुर्भिक्ष पड़े	विप्रबालक बध	दुर्भिक्ष पड़े	अधिक देखपड़े	राजनाश
देवध्वंस	राजनाश	सर्वग्रास	सबवस्तु मंहगी	भूमिकम्प	दुर्भिक्ष

अथ वारपरत्वेन तैलाभ्यंगे फलं विधिश्च

सू.	च.	मं०	बु.	गु.	शु.	श.	वाराः
	सुकांति	मृति	श्री.	वित्त	विरति	सुख	फलम्
				हानि		सुयोग	
तापम्							
पर्णं	०	मनि	०	दर्भा	गोमय	०	पालन

तैलाभ्यङ्गे वर्ज्यानि

तदात्राह—

रवौ भौमे व्यतिपाते संक्रांतौ वैधृतावपि । षष्ठ्यष्टम्योश्च विष्ट्यां च, तैलाभ्यंगो न पर्वग ।

विशेष—यदि प्रतिदिन तैल लगाने का स्वभाव हो तब अथवा उत्सव के दिन व वातरोग में तेल लगाने में दोष नहीं है । अभिमन्त्रित, औषधि में पकाया हुआ सरसों का तेल, सुगंधित तेल लगाने स किसी दिन दोष नहीं है ।

काकस्पर्शादी फलम्—मस्तक पर काक स्पर्श धन नाश, मरण तथा कलह करता है । कमर, कन्धे पर अशुभ होता है । स्त्री के मस्तक पर काक बैठना पति पुत्र का नाश करता है । वृक्ष के नीचे दही आदि के उत्तम भोजन के कारण काक का स्पर्श दोषकारक नहीं होता, किन्तु अकस्मात् स्पर्श दोष करता है । काकमैथुन देखना छः मास में मृत्यु अथवा मृत्यु तुल्य कष्ट वा इच्छित कार्य नाश करता है । इसके दोष दूर करने के निमित उड़द के आटे को काक प्रतिमा मृण्मयपात्र में स्थापन कर उड़द, चावल, घी, मीठा का नैवेद्य देवे, ग्राम स दक्षिण की ओर बाहर चौरास्ते पर गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, दक्षिणादि से पूजन कर मृत्युञ्जय का यथाशक्ति जप करे (वा करावे) पूजाछाया पात्र दान और पञ्चगव्य से स्नान भी करे । इस विधान के करने से सम्पूर्ण दोष नाश होते हैं ।

अथकाकवचनफलविचारः—काकस्य वचनं श्रुत्वा पादच्छायां तु कारयेत् । त्रयोदशपदं दत्त्वा षड्भिर्भागं समाहरेत् । लाभश्छेदस्तथा सौख्यं भोजनं च धनागमम् । निःशेषं मरणं व्याधिरेतत्काकस्य लक्षणम् ।

कपोतः (कबूतर)—सिर पर गिरे वा स्वपालित् कबूतर के बिना अन्य कबूतर घर में बसें वा उल्लू गृह में चला जावे तो मृत्यु व मान स्थान हानि होती है, तद्दोषनिवृत्त्यर्थ दुर्गापाठ, होम सप्तधान्य दानादि करने से शान्ति हो ।

मुष्टिचक्र



अङ्क प्रश्न तथा फल वर्णन

प्रश्नकर्ता से एक सौ आठ अंक के भीतर कोई एक अंक मुख स कहलावे या लिखावे । उसमें बारह का भाग देकर पीछे यदि १।९।७ बचे तो देर से कार्य सिद्धि होवे । यदि ८।४।१०।५ बचे तो कार्य नाश होवे । ११ बचे तो सिद्धि. २ बचन से वृद्धि ३।६।१२ (०) बचने से शीघ्र सिद्धि होवे यह फल कहे ।

अथ स्वप्न-विचार

स्वप्न ७ प्रकार का होता है, प्रथम दृष्ट (दिन में देखे हुए को देखना), द्वितीय श्रुत (सुने हुए को सुनना). तृतीय अनुभूत (जाग्रतावस्था में ...)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

(दिन में कल्पना की हुई वस्तु को देखना), षष्ठ भाविक (न देखो न सुनो उससे विलक्षण) सप्तम दोषज (वात, पित्त, कफ के दोष से)। पूर्वोक्त सात प्रकारों में से "दृष्ट, श्रुत, अनुभूत, प्रार्थित, कल्पित" ये पांच प्रकार के स्वप्न प्रायः निष्फल होते हैं। छठे भाविक स्वप्न का फल उत्तम मिलता है। सप्तम दोषज का फल रोगी के उत्तम मध्यम देखने में आता है। इतना विशेष है कि बहुत बड़ा तथा बहुत छोटा स्वप्न निष्फल होता है। सुजन देखकर पुनः स्नानादि से शुद्ध हो देव या गुरु आदि के शुभ स्थान में जाकर किसी पूर्ण दैवज्ञ के सामने फल, पुष्प, दक्षिणा रक्खे, स्वस्थ चित्त से स्वप्न का वर्णन करे शुभाशुभ तथा सामान्य फल का विचार करावे।

शुभस्वप्न---राजा, विप्र, देवता, गुरु, श्वेत वस्त्र वाली स्त्री इनका दर्शन तथा आशीर्वाद मिलना, महल, पर्वत, सिंह, अश्व इन पर चढ़ना व दर्शन करना, रक्त से स्नान, रथ शय्यादि का ज्वलन, स्व शिर का छेदन, अपना मरण, देव ध्वनि श्रवण, रक्त पीत पुष्प दर्शन, दर्पण प्राप्ति, दही चावल भोजन, जुआ, रण विवाद में अपनी जय, इन्द्र धनुष का देखना, मठा कपास इन दो वस्तुओं को छोड़कर अन्य सर्व श्वेत वस्तु, स्वप्न में देखना धनैश्वर्य की प्राप्ति तथा कष्ट की निवृत्ति करता है। यदि कोई क्लर्क या मुन्शी यह स्वप्न देखे कि उसने दफ्तर के रजिस्टरों वा बहियों में गल्तियां की हैं तो उसे उसके मालिक से अच्छा काम करने को शाबाश व तरक्की मिलेगी।

यदि स्वप्न में फल पुष्प सहित वृक्ष पर अथवा श्वेत वृषभ पर चढ़कर जाग जाय अथवा दक्षिण हाथ में श्वेत सर्प काट खाय तो निश्चय शीघ्र विशेष धन मिले। स्वप्न में बिच्छू या सर्प के जल में पैर काटने से रक्त निकल आवे तो विपत्ति दूर हो कर सुख हो। श्वेत वस्त्र वाली स्त्री का स्नान करना, हाथों में हथकड़ी, पैरों में जंजीर का बन्धन पड़ना, नर या नारी के हाथ से जूती व खड़ाऊं, छत्र, तीक्ष्ण तलवार का मिलना, टट्टी में सर्प का दीखना, अपने पैर व भुजा के मांस को खाना, अगर कपूर पान का मिलना, ऐसे स्वप्न दीखें तो लक्ष्मी की प्राप्ति व सुख मिले। मणि आदि पात्रों में भोजन करना, अपने शिर के मांस को खाना राज्य लाभ करता है। गौ का ताजा दूध उसी वक्त पीना, सूर्यमण्डल का दीखना, अपना मरना दीखे तो रोगी पुरुष का रोगनाश और निरोग पुरुष को लाभ होता है। बगुला, मुर्गी, कुब्ज का दीखना चतुर स्त्री प्राप्ति का सूचक है। स्वप्न में रक्त व मद्य का पीना, विप्र को उत्तम विद्या लाभ क्षत्रियादि को धन प्राप्ति करता है। मांस, चरबी का खाना, विष्ठा अपने अंग में लगाना, श्वेत चन्दन, श्वेत वस्त्र पुष्प से सुसज्जित अपनी देह व अन्य पुरुष को देह देखना, लाभ करता है। हरी सब्जी व सुन्दर अन्न कोई घर पर दे जाय तो भी लाभ हो। नदी समुद्र में तैरना, तालाब में तैर कर पार जाना, सूर्योदय का देखना कष्टनिवृत्ति करता है। ऊंचे मन्दिर पर चढ़कर आग लगी देखना या तारों का देखना भाग्योदय करता है। राजा, गौ, ब्राह्मण को प्रसन्न देखना, पर्वत, वृक्ष, बगीचे, हरे सुन्दर फलयुक्त देखना बिगड़े काम सिद्ध होंगे ऐसा जानना। घर में किसी की मृत्यु पर सब रो रहे हों तो लक्ष्मी और सुख मिले। बेड़ी पर चढ़कर पार होने से परदेश गमन हो। अगर कोई दुकानदार स्वप्न देखे कि ग्राहक उसके बिल चुकाए बिना भाग गया है तो उसको समझ लेना चाहिये कि हमको रुपया कहीं से शीघ्र मिलेगा और नये ग्राहक भी बनेंगे, यदि किसी की बहन स्वप्न देखे कि उसके भाई पर भारी विपत्ति पड़ी है और उसकी जान खतरे में है तो यदि वह कुमारी है तो उसका किसी बड़े आदमी के साथ विवाह हो जाएगा, और यदि वह विवाहित है तो उसके घर में सब प्रकार से सुख शान्ति रहेगी। शुभ स्वप्न के बाद सोने से स्वप्न निष्फल हो जाता है अतः सोवे नहीं।

अशुभस्वप्न---लाल वस्त्र पहिरना, सूर्य चन्द्र का निस्तेज दीखना, तारों का टूटना, अपने घर में हंस हंस के किसी स्त्री का मंगल गाते देखना, नीमरकास के वृक्ष पर चढ़ना, रुई, कपास, तेल, लोहा, मिलना, इससे संकट व मृत्यु हो। शरीर में तेल मलना या किसी के द्वारा तेल से स्नान का होना मृत्यु व भारी कष्ट को सूचित करता है। शिर के सार बालों का या मुख के दांतों का गिरना, द्रव्य या पुत्र का नाश करता है। मरे मनुष्य का अपने स्थान में भोजन करना व किसी वस्तु को मांगकर लेजाना द्रव्य हानि व कष्ट करता है। तैलपक्व गुलगुले तथा तांबे के पैसे मिलना रोगसंकट सूचक है। अपनी स्त्री को कमोज को मरी स्त्रीं ले जावे तो पुत्र कष्ट या मृत्यु हो। हाथ, नाक का काटना, कीच (पंक) में फंसना, ऊंट गधे भैंस पर चढ़कर तैल मलकर दक्षिण दिशा को जाना और विवाहगोतमंगल सुनना, अपने घर को किसी के द्वारा गिराते हुए देखना, काले तथा रक्तवस्त्रवाली स्त्री का आलिंगन करना, बंदर सर्प पर चढ़ना, श्राद्धआदि पितृकार्यों का करना, भूत प्रेत चांडालों के साथ मिलना, अथवा भूतादि द्वारा पकड़ा जाकर दक्षिण दिशामें जाना इत्यादि स्वप्न मृत्यु कारक होते हैं। नदीमें डूबना अथवा नदीके प्रवाह में बह जाना, बिना ऋतु के वर्षा देखना बाघ, रीछ, गीदड़, बिलाव, भैंस, सर्प, मक्खी, का दर्शन, पर्वत शिखा का तथा बड़े महल व्वजा का गिरते देखना अशुभकष्ट व चिन्ताकारक है। गौ, हस्ती, देव, विप्र इनके विना सब काले रंग की वस्तु देखना अशुभ व चिन्ताकारक है। अगर "विधवास्त्री" यह स्वप्न देखे कि उससे शादी करने का किसी ने सवाल किया है तो उसपर कोई सख्त बीमारी आवे या मृत्यु होवे। कुत्ता शरीर पर कूदकर दांतसे मास काटे तो शत्रु गुप्तमान से अनिष्ट करेगा।

स्वप्न का फल कब मिलेगा

रात्रि के प्रथम प्रहर का एक वर्ष में, द्वितीय का ८ मास में, तृतीय का ३ मास में तथा रात्रि के चतुर्थ प्रहर का एक मास में, अरुणोदय का १० दिन में तथा सूर्योदय से कुछ पहले का स्वप्न तत्काल ही फल देता है।

अशुभ स्वप्न के दोष की शान्ति

दुष्ट स्वप्न के दोष को दूर करने के निमित्त मृत्युञ्जय का जप, होम, यथाशक्ति स्वर्ण तथा गोदान, अश्वत्थपूजन, विष्णुसहस्रनाम, गजेन्द्रमोक्ष व चण्डीपाठ, ब्राह्मणभोजनादि करवाना चाहिए। अशुभ स्वप्नों को देखकर फिर तत्काल सो जाना भी दुःस्वप्न के अनिष्ट फल को दूर करता है।

आयुनिर्णय---१---लग्नेश अष्टमेश से तथा जन्मलग्न और चन्द्र पर से आयुष्य का निर्णय करे। दोनों से एकवाक्यता न मिले तो जन्मलग्न, होरालग्न से आई आयु ठीक समझे; चरे चरे स्थिरे-द्विःस्वभाव-दीर्घायुः। द्विःस्वभावे-द्विःस्वभावे, चरे-स्थिरे मध्यायुः। स्थिरे-स्थिरे, चरे-द्विःस्वभावे-अल्पायु।

२---११,१,४,७,१०,५,९, इन स्थानों में लग्नेश, अष्टमेश और दशमेश के पड़ने से दीर्घायु होती है, ३।८ में पापग्रह हो, पणफर में भी यदि पापग्रह हो तो मध्यायु इसके अतिरिक्त अल्पायु।

३---लग्नेश सूर्य का मित्र हो तो दीर्घायु, सम हो तो मध्यायु, शत्रु हो तो अल्पायु।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

अथ महर्षिपराशरोक्तविंशोत्तरीमहादशान्तर्दशाज्ञानचक्रम्

सूर्यदशा वर्ष ६				चन्द्रदशा वर्ष १०				भौमदशा वर्ष ७				राहुदशा वर्ष १८				गुरुदशा वर्ष १६				शनिदशा वर्ष १९				बुधदशा वर्ष १७				केतुदशा वर्ष ७				शुक्रदशा वर्ष २०			
कृ.उ.फा.उ.षा				रो. ह. श्रवण.				मृ. चि. ध.				आ. स्वा. श.				पुन. वि. पू. भा				पु. ऽनु उ. भा.				श्ले. ज्ये. रे.				म. मू. अ.				पू.फा. पूषा. भ.			
तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्			
ग्रह	व.	मा.	दि	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा	दि.	ग्र	व.	मा.	दि	ग्रह	व.	मा.	दि	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
र.	०	३	१८	चं.	०	१०	०	मं.	०	४	२७	रा.	२	८	१२	बृ.	२	१	१८	श.	३	०	३	बु.	२	४	२७	के.	०	४	२७	शु.	३	४	०
चं.	०	६	०	मं.	०	७	०	रा.	१	०	१८	बृ.	२	४	२४	श.	२	६	१२	बु.	२	८	९	के.	०	११	२७	शु.	१	२	०	र.	१	०	०
मं.	०	४	६	रा.	१	६	०	बृ.	०	११	६	श.	२	१०	६	बु.	२	३	६	के.	१	१	९	शु.	२	१०	०	र.	०	४	६	चं.	१	८	०
रा.	०	१०	१४	गु.	१	४	०	श.	१	१	९	बु.	२	६	१८	के.	०	११	६	शु.	३	२	०	र.	०	१०	६	चं.	०	७	०	मं.	१	२	०
बृ.	०	९	१८	श.	१	७	०	बु.	०	११	२७	के.	१	०	१८	शु.	२	८	०	र.	०	११	१२	चं.	१	५	०	मं.	०	४	२७	र.	३	०	०
श.	०	११	१२	बु.	१	५	०	के.	०	४	२७	शु.	३	०	०	र	०	९	१८	चं	१	७	०	मं.	०	११	२७	रा.	१	०	१८	बृ.	२	८	०
बु.	०	१०	६	के.	०	७	०	शु.	१	२	०	[illegible]	०	१०	२४	चं.	१	४	०	मं.	१	१	९	रा.	२	६	१८	बृ.	०	११	६	श.	३	२	०
के.	०	४	६	शु.	१	८	०	र.	०	४	६	चं.	१	६	०	मं.	०	११	६	रा.	२	१०	६	बृ.	२	३	६	श.	१	१	९	बु.	२	१०	२
शु.	१	०	०	र.	०	६	०	चं.	०	७	०	मं.	१	०	१८	र.	२	४	२४	रा	२	६	१२	श.	२	८	९	बु.	०	११	२७	के.	१	२	०

शिवोक्तयोगिनीदशान्तर्दशयोर्ज्ञानार्थचक्रमिदम्

मंगला व. १			पिंगला व. २			धान्या व. ३			भ्रामरी व. ४			भद्रा व. ६			उल्का व. ६			सिद्धा व. ७			संकटा व. ८			दशा तथा वर्ष
चन्द्र			सूर्य			गुरु			मंगल			बुध			शनि			शुक्र			केतु			दशेशग्रहाः
आर्द्रा चि. श्र.			पुन. स्वा. ध.			पुष्य. वि. श.			आश्ले. ऽनु.पूभा			भ. म.ज्ये. उभा			कृ. पू.फा.मू.रे.			रो उ.फा.पू.षा.			मृ. ह. उषा			जन्म नक्षत्र
मं.	०	१०	पिं.	१	१०	धा.	३	०	भ्रा.	५	१०	भ.	८	१०	उ.	१२	०	सि.	१६	१०	सं.	२१	१०	
पिं.	०	२०	धा.	२	०	भ्रा.	४	०	भ.	६	२०	उ.	१०	०	सि.	१४	०	सं.	१८	२०	मं.	२	२०	
धा.	१	०	भ्रा.	२	२०	भ.	५	०	उ.	८	०	सि.	११	२०	सं.	१६	०	मं.	२	१०	पिं.	५	१०	अन्तर्दशामासादि
भ्रा.	१	१०	भ.	३	१०	उ.	६	०	सि.	९	१०	सं.	१३	१०	मं.	२	०	पिं.	४	२०	धा.	८	०	शुभदशा—म धा. भ. सि.
भ.	१	२०	उ.	४	०	सि.	७	०	सं.	१०	२६	मं.	१	२०	पिं.	४	०	धा.	७	१०	भ्रा.	१०	२०	नष्टदशा—पि. भ्रा. उ. सं.
उ.	२	०	सि.	४	२०	सं.	८	०	मं.	१	१०	पिं.	३	१०	धा.	६	१०	भ्रा.	९	१०	भ.	१३	१०	
सि.	२	१०	सं.	५	१०	मं.	१	०	पिं.	२	२०	धा.	५	०	भ्रा.	८	०	भ.	११	२०	उ.	१६	०	
सं.	२	२०	मं	०	२०	पिं.	२	०	धा.	४	०	भ्रा.	६	२०	भ.	१०	०	उ.	१४	०	सि.	१८	२०	

दशा का भुक्तभोग्य

गत नक्षत्र की घट्यादि को ६० में से घटाकर इष्ट घटी पल जोडने से भयात होता है। ६० में से घटाये हुए अंकों में प्रवेश नक्षत्र की घट्यादि जोड़ने से भभोग होता है। भयात और भभोग की घटियों को ६० से गुणा कर पल बना लें, भयात की पलों को दशा के वर्ष से गुणाकर भोग की पलों से भाग देवे लब्ध अंक वर्ष, फिर शेषांक को १२ से गुणे, भभोग के पलों से भाग दें लब्ध मास, फिर ३० से गुणाकर भभोग के पलों से भाग दें लब्ध दिन. फिर ६० से गुणाकर भभोग के पलों का भाग दे लब्धांक घटी, फिर शेष को ६० से गुणाकर भभोग के पलों का भाग दें लब्ध पल होंगे। यह वर्षादि दशा का भुक्त होता है। इसको दशा के वर्षों में घटाने से [illegible]

अथ वर्षकुण्डल्यां तन्वादिभावस्थग्रहफलबोधचक्रम्

ग्रहाः	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
[illegible]	चिन्ता	पृ भीः	धनलाभः	हानिः	कष्टम्	शत्रुनाशः	पीड़ा	कष्टम्	धर्मनाशः	[illegible]	धनला.	पीड़ा
[illegible]	पीड़ा	धनलाभः	हर्षः	शत्रुनाशः	सुखम्	पीड़ा	कष्टम्	दुःखम्	भाग्योद.	[illegible]	धनला.	[illegible]
[illegible]	व्रणः	धननाशः	जयः	व्यसनं	दुर्गतिः	शत्रुनाशः	स्त्रीकष्टम्	पीड़ा	पुण्योदयः	[illegible]	धनला.	[illegible]
[illegible]	सौख्यम्	धनलाभः	सुखम्	द्रव्यलाभः	पुत्रलाभः	कलहः	धनलाभः	व्यग्रता	सुखम्	[illegible]	सुखला.	[illegible]
[illegible]	सुखम्	धनलाभः	जयः	वाह. ला.	पुत्रप्रा.	कष्टम्	सुखम्	रोगः	धर्मलाभः	[illegible]	धनला.	[illegible]
[illegible]	मानप्रा.	धनप्राप्तिः	कीर्तिला.	सुखला.	धनलाभ	शत्रुभीतिः	स्त्रीसुखम्	कष्टम्	धर्मोद.	[illegible]	क्षेमला	[illegible]
[illegible]	वातार्तिः	पीड़ा	धनलाभ :	दुःखम्	पुत्रपी.	जयः	स्त्रीकष्टम्	रोगः	भाग्यहा.	[illegible]	धनला.	[illegible]
[illegible]	शिरोर्तिः	राजभी.	सुखम्	दुःखम्	बुद्धिनाशः	शत्रुनाशः	रोगभीः	कष्टम्	धर्महा.	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	चिन्ता	क्लेश :	आरोग्यं	राजभीः	दुर्बुद्धि	सुखम्	क्लेशः	पीड़ा	भाग्यना.	धनला.	लाभः	[illegible]
[illegible]	सुखम्	यशोऽर्थः	पुष्टि.	दुःखम	सन्ताप्तिः	कष्टम	व्यसनम	दुःखम	भाग्योद.	राज्यप्राः	लाभः	[illegible]

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ केरलमते प्रश्न-विचारः

प्रातःकाल वदेत्पुष्पं मध्याह्ने तु फलं वदेत् । सायंकाले वदेन्मूलं रात्रौ तु देवतां वदेत् ॥

ध्वज	धूम्र	सिंह	श्वान	वृष	खर	गज	ध्वांक्ष	अष्टवर्गः
अइउएओ	कखगघङ	चछजझञ	टठडढण	तथदधन	पफबभम	यरलव	शषसह	प्रश्नाक्षराणि
अस्ति	नास्ति	अस्ति	नास्ति	अस्ति	नास्ति	अस्ति	नास्ति	प्रश्ननिर्णयः
धा	धातु	मूल	जीव	जीव	जीव	मूल	जीव	प्रश्नः
कुशल	रोगी	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	कुशल	रोगी	प्रवासीप्रश्न
स्थिर	महाकष्ट	चंचल	चंचल	महाकष्ट	स्थिर	स्थिर	कष्ट	प्रवासीचरादि
समीप	समीप	दूर	पुनर्गत	मार्गस्थ	मार्गस्थ	दूरस्थ	पुनर्गत	प्रवासीकामार्ग
स्वल्प	सप्त	एकविंश	१ मास	सार्धमा	२ मास	६मास	१ वर्ष	प्रश्न दिनादि
पत्र	अस्थि	फल	काष्ठ	धान्य	तृण	जीव	पुष्प	मुष्टि प्रश्न
गोधूम	तिल	पाताल	दाल	तण्डुल	चणे	गुड़	यव	धान्य ज्ञान
कौसुम्भ	श्वेत	लोहितांग	पांडुनील	पीत	आकाश	श्याम	मिश्र	मुष्टि वर्ण
सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	रोगी प्रश्न
सप्तदिन	दो मास	पक्ष	१ मास	पक्ष	मास १	सप्तदिन	२ मास	कष्टदिन
लाभ	हानि	लाभ	हानि	लाभ	हानि	लाभ	हानि	नष्ट लाभः
पूर्व	अग्नि	दक्षिण	नैर्ऋत	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	दिक्षुनष्ट
ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	धानक	नौकर	टहलन	नाई	चौर जाति
ऊखले	अग्निगृहे	अरण्ये	अन्तरिक्षे	भांडगते	काष्ठशिल	गृहे	भूविमध्ये	नष्टस्थानम्
भैरव	जगदंबा	सूर्य्य	हनुमत	रुद्रगण	सरस्वती	गणेश	पितृ	देव पूजा
आगम	न आगम	आगम	नआगम	आगम	न आगम	आगम	नआगम	आगमनागमौ
जय	हानि	जय	हानि	जय	हानि	जय	हानि	जयजयहानि
न मोक्ष	मोक्ष	न मोक्ष	मोक्ष	न मोक्ष	मोक्ष	न मोक्ष	मोक्ष	बंदीमोक्षप्रश्न
सप्तदिन	१ वर्ष	पक्ष १५	मास ६	मास १	मास ६	मास ३	वर्ष १	दिनानि
स्थिर	न सिद्धि	त्वरितं	दीर्घकाल	त्वरितं	दीर्घकालं	स्थिर	न सिद्धि	कार्यसिद्धि
शुभ	कलह	शुभ	कलह	शुभ	कलह	शुभ	कलह	व्यवहार प्रश्न
लाभ	हानि	लाभ	हानि	लाभ	हानि	लाभ	हानि	स्त्रीलाभप्रश्न
पुत्र	कन्या	पुत्र	कन्या	पुत्र	कन्या	पुत्र	कन्या	पुत्रकन्या प्रश्न
शत	एक	शत	२०	६०	४५	७५	१५	आयु प्रश्न
विलंब	उत्तम	विलंब	उत्तम	उत्तम	न वर्षा	उत्तम	न वर्षा	वृष्टि प्रश्न
२७	७	३०	२०	१०	६०	३०	६०	दिनादि

रोगोत्पत्ति सन्तान प्रतिबन्धादि में देवदोष ज्ञान

प्रश्नलग्न से ३।६।९।१२ स्थान शुभरहित कोई पापग्रह हो तो विष जल शस्त्र से मरे हुए किसी स्वकुलोत्पन्न व्यक्ति का दोष जानें। यदि ८।१२ वें स्थान में राहु हो तो प्रेतदोष, गुरु हो तो पितृदोष, चन्द्रमा या शुक्र हो तो जलदेवी का दोष, सूर्य हो तो देवीदोष, (लग्न में सूर्य हो तो क्षेत्रपाल का दोष). शनि हो तो सती दोष, बुध हो तो भूतदोष, भौम हो तो शाकिनीदोष ईश्वर से विमुख मनुष्य को होता है। भौम स्वक्षेत्री १२ में हो तो छाया चुड़ैल, चौथे श. मं. राहुचौपाटिया, बली वा नीच भौम १।४।८ वें हो तो शत्रु के घर से मसाणी, १० सू. मं. सौकण, १२ भौम नणद बड़ी, ८ वें भौम नणद छोटी, ४ भौम भैण, १० मं. गु. सती कुल की, १० मं. चं. अपने दुर्गास्थान का दोष कहना यह ग्रह योग न हो तो केवल प्रश्नलग्न से दोष निम्नलिखित जानें। बलवान् मेषलग्न में प्रश्न हो तो पितृदोष कहें, वृष में हो तो आकाशदेवी का, मिथुन में हो तो महामाया का, कर्क में शाकिनी का, सिंह में जलभय प्रेतदोष, कन्या में केवल ग्रहदोष, तुला में क्षेत्रपाल का, वृश्चिक में नाग का, धनु में कर्मजन्य, मकर में श्रीदुर्गा का, कुम्भ में भूतप्रेत का, मीन में योगिनी का दोष कहें। बलवान् पापग्रह केन्द्र में हो तो पूर्वोक्त देवता असाध्य, शुभ ग्रह हो तो साध्य होते हैं अर्थात् मन्त्र स्तुति पूजन आदि से उसका दोष दूर हो जाता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

मूक प्रश्न का अनुभूत प्रकार

बिना पूछे किसी के मन का प्रश्न कह देने से ज्योतिषी की मानप्रतिष्ठा विशेष होती है और ज्योतिश्शास्त्र पर प्रष्टा की श्रद्धा भी बढ़ती है। एतदर्थ हम श्रीमार्तण्डपञ्चांग प्रेमी पण्डितों के हितार्थ अनुभव सिद्ध मूक प्रश्न का प्रकार लिखते हैं, जिस से मूक प्रश्न पूर्ण मिलता है। स्मरण रहे कि प्रश्नकालिक शुद्ध स्वदेशीय लग्न स्पष्ट तथा तात्कालिक सूक्ष्म ग्रह स्पष्ट बनाने में गलती न हो। हमारे पञ्चांग के दैनिक ग्रह स्पष्टों से केवल घट्यादि चालन द्वारा तात्कालिक प्रश्नोपयोगी सूक्ष्म ग्रह आते हैं।

प्रश्न कथन प्रकार—प्रश्न कुण्डली में नव ग्रहों में से इष्टदेव नमस्कृति पूर्वक देखिए जो ग्रह अधिक बली (उच्च, स्वराशि, मित्रराशि, मूलत्रिकोण, केन्द्रस्थ, स्वनवांश, वर्गोत्तमांश अर्थात् जिस राशि का ग्रह हो नवांश में भी उ। राशि का) हो, वह लग्न से जिस भाव में हो उस भाव का निःसन्देह प्रश्न कहे। यदि उस ग्रह की स्थिति द्वारा दो तीन प्रश्न निकलें तो उनमें से प्रष्टा की परिस्थिति, आयु देश और कालादि का विचार करके बुद्धि द्वारा जो ठीक बैठे वही प्रश्न कहे। जैसे किसी ने प्रश्न किया तो उस समय अन्य ग्रहों से बली राहु मिला और वह बैठा भी लग्न में है, तो राहु के प्रथम भाव में होने से पुत्र और विद्या का प्रश्न समझें। ऐसे दो प्रश्न निकले, अब प्रष्टा की ओर देखा तो उसकी आयु १६ वर्ष के लगभग है तो पुत्र एवं विद्या दोनों प्रश्नों में से ज्योतिषी को चाहिए कि उसे कहे आपका विद्या संबंधी प्रश्न है अगर वही प्रष्टा बड़ी उमर का हो तो पुत्र विद्या दोनों में से पुत्र का प्रश्न कहना युक्तिसंगत था, इत्यादि बुद्धिमान् ज्योतिषी को चाहिए कि मूकप्रश्न कहने के लिए शास्त्र और बुद्धि दोनों का उपयोग करके जो निकले वही कहे तो सत्य होगा।

सूर्य—

१ भाव में बली—शरीर संबंधी प्रश्न
२ „ में—धनसम्बन्धी
३ „ में—झगड़े का प्रश्न
४ „ में—जय उच्चता का
५ „ में—पुत्र सम्बन्धी
६ „ में—यात्रा सम्बन्धी
७ „ में—स्त्री सम्बन्धी
८ „ में—जहाज बेड़ी दरिया जल सम्बन्धी
९ „ में—यात्रा विदेश सम्बन्धी
१० „ में—राज कर्म सम्बन्धी
११ „ में—धनलाभ क्रयविक्रय विषयक
१२ „ में—शत्रु झगडा परदेश खर्च का प्रश्न समझे

चन्द्रमा—

१ भाव में बली होकर बैठा हो तो क्षेत्र धन और भोजन का प्रश्न
२ „ में—धन और झगड़े का
३ „ में—वर्षा और जल का
४ „ में—माता व मकान का
५ „ में—पुत्र का
६ „ में—रोग का
७ „ में—स्त्री का
८ „ में—भोजन चिन्ता का
९ „ में—मकान का
१० „ में—यात्रा का
११ „ में—क्षेत्र खाता दुष्ट पुरुष पवित्रता वस्त्र कपड़े, आदि का
१२ „ में—नष्ट वस्तु के लाभ का

मंगल—

१ भाव में बली हो तो—भय वा झगड़े का प्रश्न कहे।
२ „ में—नष्ट वस्तु का
३ „ में—भाई मित्र व क्लेश का
४ „ में—मित्र व वैरी का चौपाया व क्रयविक्रय का
५ „ में—क्रोध, नीति नौकरी का
६ „ में—सोना, सिक्का कली चांदी का
७ „ में—नष्ट वस्तु, नौकर, धन घर जमीन का
८ „ में—यात्रा का
९ „ में—झगडे का
१० „ में—शत्रु के आने का
११ „ में लाभ का
१२ „ में—झगड़े युद्ध का

बुध—

१ भाव में हो तो—शास्त्र व सुख का प्रश्न समझे।
२ „ में—वस्त्र, धन, शरीर का
३ „ में—साम भाई का
४ „ में—बावली, जल, खेती, बगीचा का
५ „ में—सन्तान और कार्यसिद्धि का
६ „ में—कार्यसिद्धि धन, खोई हुई गुप्त स्त्री की मैत्री का
७ „ में—पक्षी और स्त्री का
८ „ में—राजा व आज्ञा नष्ट चीज का
९ „ में—पशु पक्षी का
१० „ में—शास्त्र, कथा व सुखका
११ „ में—धन लाभ का
१२ „ में—पाखण्ड, द्रोह छल और सुख का

गुरु—

१ भाव में बली हो तो—सुख का प्रश्न समझो।
२ „ में—धन, कल्याण, सुखका
३ „ में—सम्बन्धी श्वसुर का
४ „ में—कुल संबन्धी विवाह का
५ „ में—पुत्र, प्रीति विवाह का
६ भाव में—स्त्री विवाद, और गर्भ का
७ „ में—अर्थ द्रव्य मंत्र सिद्धि
८ „ में—सुख का
९ „ में—परदेश, मार्ग, धन प्राप्ति का
१० „ में—मित्र फूटना और सुख का
११ „ में—स्थिति, सुख का
१२ „ में—यश का

शुक्र—

१ भाव में बली हो तो इष्ट देव, नाचना और मित्र सुख का
२ भाव में—रत्न धन और वस्त्र का
३ „ में—स्त्री, गर्भ, बहिन, भाईका
४ „ में—विवाह सुख का
५ „ में—मित्र, भाई, और पुत्र का
६ „ में—गर्भोत्पत्ति का
७ „ में—स्त्री, योगाभ्यास और प्रीति का
९ „ में—स्वप्न का
१० „ में—श्रेष्ठ कर्म का
११ „ में—स्त्री व झगड़े का
१२ „ में—नष्ट वस्तु का

शनि—

१ भाव बली हो तो—रोग वा स्त्री का
२ भाव में—विद्या पत्र का
३ „ में—भाई के नाश का
४ „ में—स्त्री के दूध व अन्य दूध का
५ „ में— दो पुरुषों की कार्य सिद्धि का
६ „ में—शत्रु का
७ „ में—स्त्री वा पुत्र का
८ „ में—व्यापार का
९ „ में—यात्रा का
१० „ में—धन व आरोग्य का
११ „ में—विद्या वा यश का
१२ „ में—शुभकर्म, खर्च अथवा

... को टेन्डर देने का मुहूर्त

टेन्डर देने के समय द्वारा का विचार मुख्य है जो इस प्रकार किया जाता है कि प्रत्येक वार

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS
CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

राहु

१ भाव मे हो तो—पुत्र और विद्या का प्रश्न समझे	१ भाव म हो तो—लाभ व खच का
२ ,, म—यश वा आरोग्य का	२ ,, में—मैत्री व जय का
३ ,, मे—मित्र व भाई का	३ ,, में—शोक पुत्र भाई का
४ ,, में—स्त्री सुख का	४ ,, द्रव्य वा वृक्ष का
५ ,, में—द्रव्य का	५ ,, में—स्त्री नौकर वा अधिकार का
६ ,, में—व्यापार का	६ ,, म—नृत्य गायन वा रोगका
७ ,, में—अन्य देश का	७ ,, में—मन्त्र सिद्धि का
८ ,, म—नष्ट द्रव्य, कूप, जमीन, धन का	८ ,, में—कर कर्म वा मरने का
९ ,, में—जय का	९ ,, में—विद्याभ्यास वा पर स्त्री संग का
१० ,, म—शोक, दुःख व भयका	१० ,, म—घर मकान वा सुखका
११ ,, म—लाभ का	११ ,, में—सब प्रकार के लाभ का
१२ ,, में—विवाह व खर्च का	१२ ,, में—नष्ट वस्तु नजर वा खर्च का प्रश्न कहना चाहिए।

अथवा—लग्नेश लाभेश दोनों में से जो ग्रह बली हो और फिर उससे चन्द्रमा जिस भावमें वर्तमान हो प्रश्नकर्ता के मनमें उसी विचारणीय भाव की विचारणीय वस्तु की चिन्ता कहे, सत्य होगी।

कार्याकार्य प्रश्न विचार

दिशा प्रहरसंयुक्ता तारका वारमिश्रिता।
अष्टभिस्तु हरेद्भागं शेषं प्रश्नस्य लक्षणम् ॥
पंचक त्वरिता सिद्धिः षट्तुर्यं च दिनत्रयम्।
त्रिसप्तके विलंबश्च द्वौ चाष्टौ न च सिद्धिदौ ॥

अस्यार्थः—प्रश्नकर्त्ता का मुख जिस दिशा में हो पूर्व से आदि लेकर उस दिशा की संख्या उस समय का नक्षत्र वार और समय की प्रहर सब मिलाकर ८ का भाग देवे शेष १ तथा ५ बचे तो कार्य सिद्धि, ६—४ बचे तो ३ दिन मे कार्य होगा, ३—७ बचे तो देरी से कार्य सिद्धि होगी और २—८ बचे तो कार्य सिद्धि नहीं होगी, ऐसा कह देना।

वस्तु खरीदने बेचने का चमत्कारी मुहूर्त

रवि, बुध, गुरु, शुक्रवार को २।३।७।१३।१५ तिथि हो और अश्विनी, चित्रा, स्वाती, श्रवण, शतभिषा, रेवती इनमें से कोई नक्षत्र भी हो तो मंदी हुई वस्तु खरीदने से अवश्य लाभ रहता है। इसी तरह मङ्गलवार व सोमवार को ४।९।१४ तिथि से अतिरिक्त अन्य तिथि हो और भरणी, कृत्तिका, आश्लेषा, विशाखा, तीनों पूर्वा इनमें से कोई नक्षत्र भी हो तो तेज हुई वस्तु बेचने से लाभ हाथ आता है।

टेन्डर देने का मुहूर्त

टन्डर देने के समय होरा का विचार मुख्य है जो इस प्रकार किया जाता है कि प्रत्येक वार को सूर्योदय के समय होरा उसी वार की होती है। होरा का समय २॥ घटी यानि १ घण्टा का होता है और दूसरी होरा उसी वार क छठे वार की होती है इसी प्रकार प्रत्येक घण्टे की होरा निकाल लेनी चाहिए। चं. ब. गु. शु. की होरायें शुभ हैं।

होरा (क्षणवार) फल

सूर्य की होरा—टेन्डर देने व नौकरी व राजकार्य के चार्ज लेने देने के लिए अच्छी होती है

चन्द्रकी होरा—सब कार्यों के लिए अच्छी होती है।

मंगल की होरा—युद्ध, द्यूत, यात्रा, कर्ज देना, सभा सोसाइटी में जाना, मुकदमा के कार्यों म उत्तम होती है।

बुध की होरा—विद्या (कला काव्य) का आरम्भ, कोष संग्रह करना, नवीन व्यापार करना, नवीन लेख, पुस्तक प्रकाशन, प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करने के लिए शुभ होती है।

गुरु की होरा—विवाह सम्बन्धी कार्यक्रम, बड़ों से मिलन, कोष संग्रह, नवीन काव्य, लेखन प्रकाशन, अनेक शुभ कार्यों के लिए शुभ है)

शुक्र की होरा—यात्रा, भूषण, नवीनवस्त्र धारण, सौभाग्य—वर्धक कार्य शुभ होते हैं।

शनि की होरा—द्रव्य संग्रह, भूमि, मकान की नींव, नूतन गृहारम्भ,मशीनरी मिल्स कार्यारम्भ, समस्त स्थिर कार्य शुभ होते हैं।

बीमार के जन्मपत्र से जानना कि जियेगा या मर जायगा

विंशोत्तरी म जन्म लग्न से दूसरे स्थान या तीसरे, छठे, सातवें, आठवें, बारहवें के स्वामी की दशा हो, अथवा इन स्थानों म से किसी स्थान में वह ग्रह पड़ा हो जिसकी दशा वर्तमान हो और योगिनी दशा मे पिंगला २, भ्रामरी ४, उल्का ६, या संकटा ८, दशा में स कोई भी दशा इस समय वर्तमान हो और योगिनी दशा मे अन्तर सप्तमेश का अथवा सप्तम में जो ग्रह पड़ा हो, या सप्तम को पूर्ण दृष्टि म देखता हो उसका अन्तर योगिनी दशा म हो और गोचर में जन्मराशि से जन्म के चौथे सातवे आठवें या बारहवें स्थानों में शनि गुरु राहु या केतु हो, गोचर में मंगल जन्मराशि में हो या जन्मराशि को देखता हो और गोचर में सूर्य जिस राशि के हों। (समराशि या विषम राशि) यदि सम हो और उस राशि का स्वामी जन्मपत्र में विषय राशि का हो और सूर्य विषम राशि के हों तो उस राशि का स्वामी जन्मपत्र में सम राशि में हो तो बीमार की अवश्य मृत्यु हो जावेगी और इसके विपरीत होने से निश्चय करके नहीं मरेगा। यह गुप्त रहस्य पञ्चांग प्रेमियों को भेंट है।

ज्ञातव्य विषय

बिना सकल्प और शास्त्रविधि के सकाम कर्म निष्फल है।
बिना तिल और तर्पण के पितृ कार्य निष्फल है।
बिना तुलसी और पुरुषसूक्त के विष्णु पूजा निष्फल है।
बिना बिल्वपत्र और जलधारा के शिवपूजा निष्फल है।
बिना मिष्ठान्न और दक्षिणा के ब्राह्मण भोजन निष्फल है।
बिना दूर्वा और गुड़ के गणेश पूजा निष्फल है।
बिना लाल पुष्प और अर्घ्य के सूर्य पूजा निष्फल है।
बिना लाल पुष्प और लाल चन्दन के दुर्गा पूजा निष्फल है।
बिना पवित्री और चन्दन क ब्राह्मण की संध्या निष्फल है।

बिना ईश्वर भजन के मनुष्य जीवन निष्फल है।
बिना दम्पति प्रीति के गृहस्थ निष्फल है।
बिना नियम श्रद्धा के तीर्थ यात्रा निष्फल है।
बिना माता पिता की सेवा के तपस्या निष्फल है।
बिना श्रद्धा शुद्धि व सात्विक भोजन के श्राद्ध निष्फल है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

तेजी मन्दी निकालने की ध्रुवा

अथ दिन ध्रुवा ॥ १ ॥

सूर्य १३७	चन्द्र ९४	मंगल ८०९
बुध ७०२	बृहस्पति ७१३	शुक्र ८०८
शनि ८५	०	०
पृथ्वी भर का ध्रुव		२०८५

अथ तिथिध्रुवा ॥ २ ॥

प्रतिपदा ६१०	द्वितीया ७१०	तृतीया ४८१	चतुर्थी ३५७
पंचमी ६३४	षष्ठी ३०४	सप्तमी ८१२	अष्टमी १११
नवमी ५६५	दशमी ३०५	एकादशी २३३	द्वादशी २६१
त्रयोदशी ५२४	चतुर्दशी ५५२	पूर्णिमा ६३०	अमावस्या १६६

अथ नक्षत्र ध्रुवा ॥३॥

अश्वि. १७६	भरणी ६८३	कृत्ति. ३७०	रोहिणी ७७५	मृग. ६८२	आर्द्रा १४६	पुन. ५४०
पुष्य ६३४	आश्ले. १७०	मघा ७३	पू. फा ८५	उ. फा. १४८	हस्त ८१०	चित्रा ३०५
स्वाती ८६१	विशा. ७३४	अनु. ७१२	ज्येष्ठा ७१६	मूल ६४३	पू. षा. ६१४	उ. षा. ६२३
अभि. ६८३	श्रवण ६५७	धनि. ५००	शत० ५६४	पू. भा. ३३६	उ. भा. १८३	रेवती ७२०

अथ मासध्रुवा ॥ ४ ॥

चैत्र ६१	वैशाख ६३	ज्येष्ठ ६५
आषाढ़ ६७	श्रावण ६९	भाद्र ७१
आश्विन ७३	कार्तिक ५१	मार्ग. ५३
पौष ५५	माघ ५७	फाल्गुन ६५

अथ सूर्य राशि ध्रुवा ॥ ५ ॥

मेष ५२०	वृष ७६२	मिथुन ५१०
कर्क २१८	सिंह ८३०	कन्या २६०
तुला ५०३	वृश्चिक ७११	धनु २२४
मकर ५५४	कुम्भ २७०	मीन ५८६

अथ देश तथा नगरों की ध्रुवा ॥

कलकत्ता २४७	नागपूर १६६	आसाम ७९१	इटावा ८९०
हरिद्वार २७२	बीकानेर २१३	अजमेर १६७	बम्बई १९८
मध्य प्र० १३८	नेपाल १५४	चीन ६४२	पंजाब ४१९
रंगून १६७	सूरत १२८	युरोप ९७६	अमेरिका ३३२

अथ पदार्थ की ध्रुवा ॥ ७ ॥

सोना २५३	चांदी ७६०	तांबा ५६३	पीतल २५८	लोहा ९१५	कांस २४९	पत्थर १६३	मोती १४२
रुई ७१७	कपड़ा १२७	पाट ४७६	हेसियन ७३८	सूत १०३	तमाखू २४०	सुपारी २५२	लोह ८८
मरिच २६८	घृत ४६४	तेल १६९	अतर ७५	गुड़ २५६	चीनी ३२८	ऊन ११२	शाल ८११
धान ७१२	गेहूँ २३२	मूंग ८०१	चावल ७७४	तीसी ३८६	सरसों ८५८	राहर ३३३	नीमक ३१७
सोरा १५६	अफीम २६३	गौ १३२	बैल १६२	महिषी ६१२	भेड़ ६१८	हाथी ८३०	घड़ा ८३५

अथ तेजी-मन्दी देखने का चक्र ८

सूर्य १ तेज	चन्द्र २ अतिमन्दा	भौम ३ तेज
राहु ४ अति तेज	बृहस्पति ५ मन्द	शनि ६ तेज
बुध ७ सम	केतु ८ तेज	शुक्र ९ तेज

अथ तेजी मन्दी निकालने की रीति

